हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

RERA APPROVE: PCGRERA060524001774



RERA APPROVED

CHITVAN
★★★★★ Farm

फ़ार्म मतलब चितवन

## ज़मीन का वो टुकड़ा जो आँखों से उतर कर दिल में बस जाता है, चितवन कहलाता है.

**प्रीमियम लोकेशन पर फ़ार्म हाउस, कॉटेज और प्लॉट. जहाँ हरियाली, सुकून और सुविधाएँ, सब होंगी आपके आस-पास.**



Yoga & meditation zone | Picnic & barbecue spots | Swimming pool | Electricity & water supply | On-site beautiful temple | Kids play area

रायपुर रोड का पहला एकमात्र फ़ार्महाउस प्रोजेक्ट

फ़ायनेंस सुविधा उपलब्ध

Site Address: Manda Mod, NH 130, Bilaspur (C.G)

Concept & Design @ AdPRAYAS

DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT

# DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

**Red. Office:** Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)

**Contact for Site Visit & Booking :** 6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

FOR SITE VISIT


विजय बहादुर जगत
रामायण नेताम
सीएमओ
मनोहर राज
जनपद उपाध्यक्ष कोटा
निरंजन पैकरा
लखन पैकरा
अध्यक्ष-सरपंच संघ, कोटा
भोलानाथ ध्रुर्व
धनसिंह आर्मो
हीरा ध्रुव
राजेन्द्र जगत
असिस्टेंट इंजीनियर
युवराज प्रधान
जिलाध्यक्ष
संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित
9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सविता साय
प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग
निशा प्रधान
जिला महासचिव
भारती परते
शशी जगत
सुमन सिदार
डॉ. राजेश्वरी उद्‌देश्य
प्रीति मरकाम
प्रमिला भगत
बुंदकुंवर
डॉ. गणेश्वरी
रिंगीया प्रधान
जिला अध्यक्ष महिला प्रभाग
दया वाकरे
जिलाध्यक्ष मरवाही
मिथलेश ध्रुव
जिलाध्यक्ष युवा मुंगेली
मनीष ध्रुव
जिलाध्यक्ष युवा मरवाही
पवन मरावी
सूरज मरकाम
नगर अध्यक्ष युवा प्रभाग
शिव चेचाम
जिलाध्यक्ष युवा बिलासपुर
हृदय प्रधान
तुलसी प्रधान
राजू ध्रुव
भानू मरावी
गेंदराम नेताम
डॉ. संतोष उद्‌देश्य
राजेश नेताम
मनोज मरावी
भागीरथी ध्रुर्व
राजेन्द्र पोर्ते
डॉ. पंकज परते
आर. एन. टेकाम
चरणसिंह राज
डॉ. जितेन्द्र
सुभाष सिंह परते
प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग
विवेक मरकाम
अविनाश नेताम
अभिषेक प्रधान
शुभम मरावी
विजय ध्रुव
जनक मरकाम
विनोद ध्रुव
हेमंत मरकाम
आयुष सिंह राज प्रदेश सचिव
कार्यक्रम : दिनांक 9 अगस्त 2025, समयः प्रातः 10 बजे से देवपूजन, स्थान : जरहाभाठा हास्टल
रैली प्रारंभ : 11.30 से हास्टल से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण करते हुए गोड़वाना भवन (अशोकनगर) जाएगी
सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रम : गोड़वाना भवन (अशोकनगर) में दोपहर 3 बजे से प्रारंभ

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



जवाली नाला के ऊपर बनाई गई सड़क उधड़ गई है। राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**बिलासपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ नेहरू चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कम्पनी गार्डन, राघवेन्द्र राव सभा भवन, सदर बाजार, गोल बाजार मार्ग से पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन (लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय परिसर) में संपन्न होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने स्वतंत्रता दौड़ में शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।


### तेज धूप से भीषण गर्मी हलाकान शहरवासी

**बिलासपुर।** शुक्रवार को सुबह से ही निकली तेज धूप ने शहरवासियों को पूरे दिन परेशान किया। इस दौरान पूरे दिन बदली या बारिश जैसी कोई स्थिति नहीं रही। बाहर तेज धूप व घरों में लोग उमस से हलाकान होते रहे। शहर में बीते दो दिनों से बारिश नहीं हुई। इधर शुक्रवार को आसमान साफ रहा व तेज धूप खिली रही। घर से बाहर आवागमन करने वालों को न केवल तेज धूप से परेशान होना पड़ा, बल्कि घर से भीतर भी लोग उमस से परेशान होते रहे। जिले में अब तक हुई कुल बारिश की बात करें तो अब तक 686.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो कि बीते दस साल के मुकाबले औसम बारिश 598 मिलीमीटर से 88.8 मिलीमीटर अधिक है।

### आरक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा 14 सितम्बर को

**बिलासपुर।** जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग में सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 14 सितम्बर को संभागीय मुख्यालय बिलासपुर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर की जाएगी। व्यापम द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा की मेरिट लिस्ट के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की सूची अपनी वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं चयन समिति के अध्यक्ष रजनेश सिंह ने बताया कि व्यापम की वेबसाइट में पंजीयन की प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू हो चुकी है। लिखित परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों को व्यापम की वेबसाइट के लिंक में जाकर प्रोफाइट आईडी के माध्यम से पंजीयन करना व लिखित परीक्षा केन्द्र के लिए जिले का चयन करना होगा और आवेदन को सफलता पूर्वक सबमिट करना होगा। इसके बाद ही व्यापम पंजीयन नम्बर एवं रोल नम्बर पर अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए ऑनलाइन से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। जिस पात्र अभ्यर्थी द्वारा व्यापम वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जाएगा।

### निगम के सफाई कर्मी से मारपीट और धमकी



**बिलासपुर।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, छेड़खानी और चाकू लेकर दौड़ाने वाले आरोपी अरुण मानिकपुरी को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी राजनेश सिंह से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। सफाई कर्मचारी कीर्ति बर्मन ने बताया कि वह और उनके साथी रोजाना सुबह बछेरा तालाब, तिफरा में सफाई के लिए जाते हैं। इस दौरान अरुण मानिकपुरी वहां आकर गाली-गलौज, छेड़खानी और चाकू से धमकी देता था। शिकायत के मुताबिक तीन दिन पहले भी आरोपी ने उनके भाई को रास्ते में रोककर मारपीट की थी।

# एक शिक्षिका के भरोसे 214 छात्र, पढ़ाई नहीं हुई तो 25 बच्चों ने टीसी कटा ली, दूसरे स्कूल में चार शिक्षक जो पढ़ाने पहुंचते ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

शासन प्रशासन द्वारा भले ही सरकारी स्कूलों में उच्च गुणवत्ता युक्त शैक्षणिक व्यवस्था का दावा किया जाए लेकिन स्थिति इसके उलट है। इन स्कूलों में खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाने के लिए शिक्षक ही नहीं है। बेलगहना स्थित स्वामी आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला में एक शिक्षिका के भरोसे 214 के करीब विद्यार्थियों को पढ़ाने की मजबूरी है। इसी कारण यहां के 25 बच्चों ने टीसी कटा ली है। इसी तरह तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दर्री स्थित हाईस्कूल में जहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की लेकिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव के बाद से सभी शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ नदारद रहते हैं। शिक्षकों की इस लापरवाही के कारण स्कूल की दर्ज संख्या जो की पहले 92 थी अब घटकर 55 तक पहुंच गई है। पढ़ाई नहीं होने के कारण स्कूली छात्रों ने टीसी कटा ली और 5 किलोमीटर दूर के स्कूल में एडमिशन ले लिया है।

बेलगहना स्थित स्वामी आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिक्षकों की कमी और पढ़ाई नहीं होने को लेकर शिकायत भी की है। यहां के बच्चों ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं में 43, सातवीं में 73, तथा आठवीं में 103, छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं किंतु मात्र एक शिक्षिका के भरोसे तीनों कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी शिक्षको की कमी है। शिक्षक के अभाव के चलते कक्षा आठवीं के 25 विद्यार्थियों ने अपनी टीसी निकाल ली है जिससे विद्यार्थियों की संख्या 103 से घटकर 78 रह गई है।

### सप्ताह में एक दो दिन स्कूल खुला तो बहुत है

16 जून को जब स्कूल खुला तो उसके बाद प्रवेश उत्सव यहां मनाया गया। इसमें गांव के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्कूल के बच्चे और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद लेकिन इस स्कूल की पढ़ाई बंद हो गई। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि तखतपुर ब्लाक के साथ ही बिलासपुर मुख्यालय से पहुंचने वाले शिक्षकों ने स्कूल नियमित जाना बंद कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक सप्ताह में एक-दो दिन स्कूल लग गया तो बहुत था। यही नहीं जिस दिन स्कूल लगाता भी था उस दिन भी एक बजे छुट्टी कर दी जाती थी जबकि स्कूल का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे का है। लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तखतपुर ब्लाक के बीईओ रामेश्वर बैरागी को क्षेत्र के स्कूलों का दौरा करने का निर्देश दिया। बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो उसे समय 3:00 बज रहा था और स्कूल में ताला लटका था।



- तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दर्री स्थित हाईस्कूल में दर्ज संख्या 92 से घटकर 55 रह गई
- पढ़ाई नहीं होने के कारण स्कूली छात्रों 5 किलोमीटर दूर के स्कूल में एडमिशन ले लिया

### वेतन काटने का दिया है आदेश

बीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर दर्री स्कूल के प्राभारी प्राचार्य समेत सभी शिक्षकों का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया है। बेलगहना स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। पास के ही हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक को पढ़ाने कहा गया है।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### दर्ज संख्या 92 से घटकर 55 रह गई

इसी तरह सरकार ने बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दर्री में हाईस्कूल खोला। यहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की लेकिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव के बाद से सभी शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ नदारद रहते हैं। शिक्षकों की इस लापरवाही के कारण स्कूल की दर्ज संख्या जो की पहले 92 थी अब घटकर 55 तक पहुंच गई है। पढ़ाई नहीं होने के कारण स्कूली छात्रों ने टीसी कटा ली और 5 किलोमीटर दूर के स्कूल में एडमिशन ले लिया है। शिकायत के बाद पहुंचे तखतपुर ब्लाक के बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो वहां ताला लगा था। प्रभारी प्राचार्य के साथ ही चारों शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक का वेतन काटने का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। जिन शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए वेतन की कटौती के लिए प्रतिवेदन पेश किया गया है उनमें प्रभारी प्राचार्य जयकुमार कश्यप (व्याख्याता एलबी गणित), श्रीमती उषा मधुकर (व्याख्याता एलबी साइंस), श्रीमती बरखा रानी भास्कर (व्याख्याता एलबी अंग्रेजी) और श्याम राव (व्याख्याता एलबी संस्कृत) शामिल हैं।

### जुलूस निकालकर कराई गई उठक बैठक

# सड़क पर बाइक खड़ी कर जन्मदिन का केक काटना 10 युवकों को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीच सड़क पर बुलेट खड़े कर जन्मदिन का केक काटना और हंगामा मचाना 10 युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने सभी युवकों को गिरफ्तार कर शहर में जुलूस निकाला और उठक बैठक कराकर कोर्ट में पेश किया।

7 अगस्त की रात 9.30 बजे उसलापुर गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने बड़ी संख्या में युवक एकत्रित हुए। उसके बाद बीच सड़क पर बुलेट खड़े कर जन्मदिन मनाने केक काटकर आतिशबाजी करते हुए जमकर हंगामा मचाने लगे, जिससे ट्रैफिकजाम हो गया और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम में फंसकर हलाकान होने वाले लोगों ने सकरी पुलिस को सूचना दी। टीआई प्रदीप आर्या स्टाफ के साथ मौके पर जाकर बुलेट सहित 10 युवकों को पकड़कर थाने ले गए। उसके बाद इनके परिजन थाने पहुंच गए और बिना कार्रवाई के छोड़ने की गुहार लगाने लगे, लेकि रात भर युवकों को थाने में बैठाकर रखा गया। पुलिस ने युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 285, 3, 5 व पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।



**सड़क पर कराई गई उठक बैठक**

8 अगस्त को पुलिस ने सभी युवकों का थाने से क्षेत्र में पैदल यात्रा के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान बीच सड़क में युवकों को कान पकड़कर दूसरी बार बीच सड़क में जन्मदिन नहीं मनाएगें कहते हुए उठक बैठक कराई गई। उसके बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गया है।



**जन्मदिन मनाते पकड़े गए युवक**

- प्रशांत भारती पिता पंकज भारती 19 साल सांईनगर उसलापुर
- ओंकार लहरे पिता महेश लहरे 20 साल बगीचापारा अमेरी
- विकांत लहरे पिता कुंवर सिंह लहरे 19 साल अमेरी
- समीर नवरंग पिता भवानी नवरंग 25 साल आनंदनगर उसलापुर
- रवि चतुर्वेदी पिता मंजू चतुर्वेदी 20 साल अमेरी
- ऋतिक सोनी पिता पीएस सोनी आनंदनगर उसलापुर
- गोविंद रजक पिता जमुना प्रसाद रजक 19 साल उसलापुर
- निखिल पटेल पिता रामा पटेल 19 साल सांईनगर उसलापुर
- असकरण दास कुर्रे पिता पंचूराम कुर्रे 20 बगीचापारा अमेरी
- विशाल लहरे पिता राजकुमार लहरे 20 साल बगीचापारा अमेरी

### संदिग्ध गतिविधियों में शामिल 3 युवक गिरफ्तार

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, मंगला, उसलापुर एवं आकाश नगर क्षेत्र के नागरिकों से लगातार शिकायत मिल रही थी कुछ लोग अवैध गतिविधियों में संलिप्त होकर क्षेत्र का महौल खराब कर रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर अवैध गतिविधियों में संलिप्त राहुल श्रीवास पिता जीवन लाल श्रीवास 31 साल दैहानपारा सरकण्डा, राहुल यादव उर्फ सोनू पिता केदारनाथ यादव 28 साल मंगला जेपी विहार, राजा वर्मा पिता अवधराम वर्मा 35 साल गंगानगर निवासी को पकड़कर बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# ठंडा पड़ा जब्त की गई अवैध रेत से पीएम आवास बनाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से परिवहन व भंडारण कर रखी गई रेत को छापामार अभियान चलाकर जब्त करने की कार्रवाई के दौरान अज्ञात के प्रकरणों वाली रेत का प्रधानमंत्री आवास में उपयोग करने की प्लानिंग फिलहाल ठंडे बस्ते में नजर आ रही है। खनिज विभाग के तत्कालीन अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर इस संबंध में कलेक्टर से विस्तृत चर्चा भी हो जाने की बात कही गई थी। इसके विपरीत आज डेढ़ महीने बाद भी इस पर कोई अमल नहीं किया जा सका है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि अज्ञात मालिकों द्वारा रेत की बिक्री की जा चुकी हो।

रेत माफियाओं पर नकेल कसने बीते दिनों कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में लगातार बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसके अंतर्गत खनिज विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा एक साथ छापामार अभियान चलाया गया था। अभियान के अंतर्गत रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान जिले के विभिन्न इलाकों से बड़ी मात्रा में रेत जब्त की गई थी। जब्ती की कार्रवाई के दौरान कुछ मामलों में तो अवैध रेत के मालिक की जानकारी मिली थी, लेकिन अनेक प्रकरण ऐसे भी थे, जिसमें रेत मालिक का पता ही नहीं चला, जिससे खनिज विभाग को अज्ञात का प्रकरण बनाते हुए पंचायत स्तर पर सरपंच, उपसरपंच या कोटवार के सुपुर्दनामे में रेत दे दी गई थी।

खनिज विभाग के तत्कालीन उपसंचालक दिनेश मिश्रा एवं तत्कालीन जिला खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी द्वारा कलेक्टर से चर्चा कर बड़ी मात्रा में अज्ञात के प्रकरणों में जब्त की गई रेत को जनपद सीईओ से सामंजस्य स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास के लिए न्यूनतम कीमत पर हितग्राहियों को देने की प्लानिंग की गई थी। दिक्कत यह है कि यह प्लानिंग धरातल पर उतर पाती इससे पहले ही दोनों अधिकारी जिले से स्थानांतरित कर दिए गए। हालांकि स्थानांतरण के बाद भी करीब पंद्रह दिनों तक वे रिलीव नहीं किए गए थे, लेकिन इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा इस प्लानिंग पर काम ही नहीं किया गया। इधर नए अधिकारी को इस संबंध में अब जानकारी ही नहीं है, जिससे इस बात की पूरी आशंका है कि जब्त की गई रेत अब तक अज्ञात मालिकों द्वारा बेची जा चुकी हो।

### की जाएगी कार्रवाई

अभी इस संबंध में मुझको कोई जानकारी नहीं है। पता कर लेते हैं कि अज्ञात वाले प्रकरणों में कितनी मात्रा में रेत जब्त की गई थी। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

**- किशोर कुमार गोलघाटे**
उप संचालक खनिज

# अवैध मुरूम खनन में जब्त 2 जेसीबी, 3 हाइवा को ले गया मालिक, जुर्म दर्ज

नायब तहसीलदार ने दबिश देकर मुरूम का अवैध खनन करते हुए 2 जेसीबी, 3 हाइवा को जब्त को पकड़ लिया। ड्राइवर सभी गाड़ियों की चाबी लेकर भाग गए। उन्होंने गाड़ियों को जब्त कर मौके पर छोड़कर सरपंच को सुपुर्दनामा में सौंप दिया। देर रात गाड़ी मालिक सभी गाड़ियों को लेकर चला गया। पुलिस ने गाड़ी मालिक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 7 अगस्त को गनियारी नायब तहसीलदार श्रद्धा सिंह को सूचना मिली बेलटुकरी के जंगल चनाडोंगरी में पेंड्री निवासी प्रांजल शर्मा के द्वारा मुरूम खनन कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर दबिश दी, यहां मुरूम से भरे दो जेसीबी, 3 हाइवा के ड्राइवर गाड़ी की चाबी लेकर भाग गए। उन्होंने गाड़ियों को मौके पर जब्त कर बेलटुकरी के सरपंच लक्ष्मण वर्मा पिता सनातन वर्मा को सुपुर्दनामा में सौंपा। रात में प्रांजल शर्मा ड्राइवरों के साथ मौके पर जाकर सभी गाड़ियों लेकर चला गया। 8 अगस्त को मौके पर गाड़ी नहीं मिलने पर सरपंच लक्ष्मण वर्मा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रांजल शर्मा व ड्राइवरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कालेज का निरीक्षण करने जून में आई थी एनबीए की टीम

# गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज के यांत्रिकी विभाग को मिली एनबीए की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर के यांत्रिकी विभाग को राष्ट्रीय प्रत्यायन मंडल एनबीए की मान्यता मिली है। यह एनबीए की मान्यता तीन वर्षों के लिए मिली है। इससे यांत्रिकी विभाग से उत्तीर्ण इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च अध्ययन व रोजगार में प्राथमिकता मिलेगी।

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज के यांत्रिकी विभाग को प्रथम बार राष्ट्रीय प्रत्यायन मंडल से मान्यता मिलने के बाद कालेज का निरीक्षण हुआ था और निरीक्षण के आधार पर सत्र 2022-2023 से तीन वर्षो के लिए मान्यता दी गई थी। इसके पश्चात कालेज के यांत्रिकी विभाग का फिर से निरीक्षण हुआ था और 21 जून 2025 को जो निरीक्षण हुआ था उसके आधार पर सत्र 2025-26 से लेकर 2027-28 तक के लिए के लिए तीन सालों के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन मंडल से मान्यता प्राप्त हुई है। इससे बिलासपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज का यांत्रिकी विभाग राज्य के सभी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेजों के अंतर्गत ऐसा पहला विभाग बन गया है जिसे लगातार आठ वर्षो तक राष्ट्रीय प्रत्यायन मंडल की मान्यता मिली है। यह मान्यता किसी तकनीकी संस्थान एवं संबंधित विभाग की गुणवत्ता को दर्शाने वाली एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गौरवशाली मान्यता होती है। इसके लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन मंडल की टीम संस्थान का निरीक्षण करने आती है और संस्था एवं विभाग के प्रत्येक गतिविधियों का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण करती है। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर में यह टीम 21 जून 2025 को यांत्रिकी विभाग के निरीक्षण करने आई थी, जिसमें उन्होंने संस्था एवं विभाग के विजन, मिशन, प्रोग्राम आउटकम, छात्रों का परीक्षाफल एवं नियोजन में प्रदर्शन, शिक्षक-छात्र अनुपात, शिक्षकों द्वारा पढ़ाने में किया गया जाने वाला नवाचार, अनुसंधान संबंधी कार्य तथा विभाग में उपलब्ध प्रयोगशालाओं एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया था। इसके साथ ही उन्होंने संस्था में उपलब्ध सुविधाओं जैसे कंप्यूटर लैब, वर्कशॉप, छात्रावास, कैंटीन, पुस्तकालय, चिकित्सालय का भी निरीक्षण करते हुए संस्था के मैकेनिकल विभाग को पुनः मान्यता प्रदान की है। इस मान्यता से संस्था के मैकेनिकल विभाग से उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च अध्ययन एवं रोजगार में प्राथमिकता प्राप्त होगी। इस उपलब्धि पर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई ने कालेज परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संस्था के सभी शिक्षकों, अधिकारियों-कर्मचारियों के कठथ्न एवं सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

# एसएसपी ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन बैरक आरआई कार्यालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने पुलिस लाइन में चल रहे बैरक व नए आरआई कार्यालय के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जानकारी ली।

एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस लाइन पहुंचकर वहां निर्माणाधीन दो प्रमुख भवनों सीएएफ जवानों के बैरक और नए आरआई कार्यालय का निरीक्षण करते गुणवत्ता, डिजाइन और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा पर काम पूरा कराने व आरआई कार्यालय के सामने बन रहे गार्डन को सुंदर व व्यवस्थित रूप देने के लिए सौंदर्यीकरण के निर्देश दिया गया है। पुलिस लाइन में कार्यरत पुलिसकर्मियों को अच्छा वातावरण और बुनियादी सुविधाएं मिलना आवश्यक है। आरआई कार्यालय के ऊपर सोलर पैनल लगाने का आदेश दिया है।

## खबर संक्षेप



### धरमलाल की अनुशंसा पर 22.50 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

**बोदरी।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमलडिहा में विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर स्वीकृत 200 मीटर स्कूल परिसर में बाउंड्री वाल एवं ठाकुर देव देवालय भवन का विधिवत भूमिपूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक जी के कर कमलों से किया किया गया। इस दौरान डॉ रामकुमार कौशिक ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है, और बिल्हा विधायक विकास पुरुष धरमलाल कौशिक के आशीर्वाद से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मण यादव पूर्व सभापति जपं बिल्हा, सरपंच प्रतिनिधि दुलरुआ ध्रुव, राजकुमार बरगाह, नरेश जायसवाल दुर्गेश कौशिक, शंकर ध्रुव, हरीश सेन, सुरेश बरगाह सहित ग्रामवासी न पंच उपस्थित रहे।

### कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट की मातृशक्ति ने मनाया सावन महोत्सव



**लखराम।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट लखराम शाखा की मातृशक्ति प्रभारी शशि गुप्ता, रतनपुर प्रभारी सावित्री गुप्ता एवं लता श्रीवास के नेतृत्व में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने गुरु पूजन किया, साथ ही इस दौरान एवं विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। ट्रस्टी अध्यक्ष संकर्षण शरण ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिया। कार्यक्रम में गांव की कुमारी यादव, उमा यादव, शीला यादव, लता देवांगन, संतोषी केवट, उर्मिला केवट, आरती केवट, रविता निर्मलकर, पूजा निर्मलकर, सावित्री केवट, पूनम यादव, रेखा यादव, सोनू यादव, रंजिता यादव आदि उपस्थित रहे।

### शिव-पार्वती की झांकी एवं कांवड़ यात्रा



**लोरमी।** सावन के प्रदोष के अवसर पर बाबा घाट महिला मंडली लोरमी के द्वारा सुंदर शिव-पार्वती की झांकी एवं बजे गाजे के साथ भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांवड़ियों ने बाबा घाट मंदिर से जल लेकर शिव घाट शिव मंदिर में जलाभिषेक किया एवं शिव घाट नर्मदा कुंड से जल भरकर पुनः बाबा घाट शिव मंदिर में जलभिषेक किया। इसके बाद भगवान शिव की पूजा आराधना व आरती की गई। ज्ञात हो कि यह मंडली विगत 4 साल से सावन में यह कांवड़ यात्रा आयोजन करती है। इस आयोजन में सहयोगी दुर्गेश एवं मातृशक्ति में शिखा साहू, बाली नामदेव, पुष्पा सारथी, संतोषी साहू, ललित जायसवाल, ममता साहू, आरती ठाकुर सहित वार्ड की माताएं-बहने शामिल हईं।

### शिक्षक-पालक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा



**जरहागांव।** छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर चर्चा करने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा विखं मुंगेली में शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य बैठक में सभी कक्षाओं के कक्षा अध्यापकों एवं पालकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिक्षक मनोज कश्यप ने छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों, व्यवहार एवं परीक्षा परिणामों की जानकारी अभिभावकों को प्रदान की। साथ ही, छात्रों की कमजोरी और उन्हें दूर करने हेतु किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सरपंच प्रतिनिधि सहित अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा उपयोगी सुझाव भी दिए। इस बैठक के माध्यम से शिक्षक और पालकों के बीच सहयोग और संवाद को और भी सशक्त किया गया। प्रधान पाठक राजेश्वरी पात्रे ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर बनाए रखने की बात कही। बैठक में संकुल समन्वयक खीरेंद्र साहू, प्रधान पाठक राजेश्वरी पात्रे, रजनी कश्यप, रामकुमार साहू, ख़ुमेश्वर सोनवानी सुशील यादव, धरम पात्रे, सरपंच प्रतिनिधि मेवाराम कश्यप, उप सरपंच रेशमा पात्रे,कामता पात्रे पंच, गीता निषाद, कौशल्या पात्रे, कार्तिक पात्रे सहित अन्य पालक उपस्थित रहे।

# स्कूल में प्लास्टर गिरने की घटना पर कलेक्टर व सीईओ ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने की घटना को लेकर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने मौके का निरीक्षण किया एवं घायल बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुंगेली विखं के ग्राम बरदुली में शासकीय प्राथमिक शाला की छत का प्लास्टर गिरने से बच्चों के घायल होने की घटना को संज्ञान में लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने विद्यालय का निरीक्षण किया।

■ मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश

उन्होंने मौजूद शिक्षकों से घटनाक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा ने बताया कि शाला भवन के छत का प्लास्टर गिरने से कक्षा तीसरी के साथ छात्र हिमांशु दिवाकर और अंशिका दिवाकर को सिर और हाथ में चोट आई, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया, अभी बच्चे ठीक हैं। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य अमले की मौजूदगी में बच्चों का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि कोई भी गंभीर स्थिति नहीं है, बच्चे खतरे से बाहर है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों का बेहतर इलाज करने एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि जर्जर भवनों में किसी भी परिस्थिति में कक्षाओं का संचालन नहीं होना चाहिए। निर्देशों की अवहेलना करते हुए कक्षाओं का संचालन किया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बावरे, बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय, संकुल समन्वयक शत्रुघ्न साहू और प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और डीएमसी समग्र शिक्षा को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि, जिले में कहीं भी इस प्रकार की घटना नहीं होनी चाहिए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।




प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को भेजा गया घर
बरदुली प्राथमिक शाला की छत का प्लास्टर गिरा, दो बच्चे घायल

**कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर बढ़ाया उत्साह**

विद्यालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा में मौजूद बच्चों से बातचीत की एवं विद्यालय में शिक्षण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पहाड़ा पूछा और उन्हें चॉकलेट एवं बिस्किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

**कलेक्टर को अपने बीच पाकर बच्चे आश्चर्यचकित**

स्कूल में उस समय भावुकता एवं आश्चर्य का माहौल बन गया, जब जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों से जिले के कलेक्टर का नाम पूछा। बच्चों ने पूरी तत्परता से कलेक्टर का नाम बताया और भविष्य में उनसे मिलने की इच्छा जताई। लेकिन जब सामने बैठे व्यक्ति ने कलेक्टर के रूप में अपना परिचय दिया तो बच्चे आश्चर्य से उत्साहित हो उठे। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# सुधरेंगे कोनी-मोपका बाईपास के हालात सरकार खर्च करेगी 60 करोड़ रुपए

## डिप्टी सीएम अरुण साव के अनुमोदन के बाद लोक निर्माण विभाग ने जारी की स्वीकृति



**दुपहिया-चारपहिया वाहन तो दूर, पैदल चलना तक दूभर, रिपेयरिंग के लायक नहीं रह गई थी सड़क**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिन भर में हजारों गाड़ियों का भार सहन करते-करते पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी कोनी-मोपका बाईपास सड़क को आखिरकार पुनर्निर्माण की मंजूरी मिल गई। शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट अंतर्गत इस सड़क के निर्माण के लिए 59 करोड़ 55 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

चौदह किलोमीटर लंबी इस सड़क की हालत इतनी जर्जर थी कि इसकी रिपेयरिंग कर इसे आवागमन लायक बना पाना संभव नहीं था। आखिरकार अब यह सड़क नए सिरे से बनाई जाएगी। कोनी से मोपका जाने वाली पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी सड़क के नए निर्माण को आखिरकार सरकार ने मंजूरी दे दी। इस सड़क पर एनटीपीसी सीपत, स्पंज आयरन फैक्ट्रियों, कोलवाशरी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के साथ-साथ घने शहरी यातायात का भी भारी दबाव था। भारी वाहनों की चौबीसों घंटे आवाजाही के कारण यह सड़क अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। आवागमन में भारी दिक्कत होने के कारण सुधार के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा इस सड़क का मुआयना किया गया था, लेकिन सड़क की हालत ऐसी नहीं थी कि इसका सुधार किया जा सके। विभाग द्वारा इसके पुनर्निर्माण को लेकर भी शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इस सड़क के पुनर्निर्माण को लेकर उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अनुमोदन कर शासन स्तर पर स्वीकृति दिलाई गई है।

**लापरवाही नहीं बरती जाएगीः साव**

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के उपरांत, विभाग ने मंत्रालय स्तर से वित्तीय स्वीकृति संबंधी परिपत्र प्रमुख अभियंता को जारी कर दिया है। साथ ही निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री साव ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, कार्य प्रक्रिया की पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

**निगरानी सुनिश्चित की जाए**

श्री साव अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संपूर्ण परियोजना की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर निर्माण कार्य में त्रुटि पाए जाने पर जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। इस बायपास के पुनर्निर्माण से न केवल औद्योगिक क्षेत्रों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि शहरवासियों को भी भारी यातायात से राहत मिलेगी। राज्य शासन का यह निर्णय आमजन की बहुप्रतीक्षित माँग के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्वबोध को दर्शाता है।

# कोटा में आदिवासी सम्मेलन कल, भूपेश होंगे शामिल

**बिलासपुर।** कोटा विधानसभा के आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को सुबह 10 बजे बजे डीकेपी ग्राउंड में विधानसभा स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने विशाल आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अतिविशिष्ट अतिथि तुलेश्वर सिंह मरकाम विधायक तानाखार पाली, विशिष्टि अतिथि दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता कोटा विधायक अटल श्रीवातव करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लतेल सिंह मरावी संरक्षक गोड़ महासभा रजनी पिंटू मरकाम सदस्य जिला पंचायत, जयकुमारी प्रभु जगत सदस्य जिला पंचायत मनोहर सिंह ध्रुव सभापति गोड़ महासभा लखन पैकरा अध्यक्ष सरपंच संघ विधिराम सिदार पूर्व जनपद अध्यक्ष कोटा, राजाराम राज भानू भैना समाज, राजू सिदार अध्यक्ष जिला कांग्रेस अ.ज.जा प्रकोष्ठ आदि सक्रिय है। अतिथि के रूप में सूरज साधेलाल भारद्वाज जनपद अध्यक्ष कोटा सरोज दुर्गेश साहू नगर पंचायत अध्यक्ष कोटा मनोहर सिंह राज उपाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष कोटा मोहित जायसवाल अध्यक्ष जिला भाजपा ग्रामीण आदित्य दीक्षित ब्लॉक अध्यक्ष कोटा को भी समाज द्वारा आमंत्रित किया गया है। जिला अजजा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ईश्वर सिदार ने बताया कि कोटा विधानसभा का गोंड़ समाज कंवर समाज तंवर समाज बिंझवार समाज धनुहार समाज सौरा समाज भैना समाज कोल समाज मांझी समाज परगनिहा समाज बैगा समाज सौता समाज उराव समाज धुलिया समाज अगरिया समाज के लोग बड़ी संख्या में विश्व आदिवासी दिवस मनाने उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। सम्मेलन में समाज के प्रबुद्ध एवं विशिष्ट जनों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु आज जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक अरपा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अभयनारायण राय ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दिक्षित ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाज के प्रमुख लोगों से सम्पर्क एवं चर्चा की।





# इंग्लिश मीडियम स्कूल में पुलिस का 'पहल' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

मुंगेली जिले में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में चलाया जा रहा 'पहल' अभियान केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है। सरगांव स्थित इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि, जब प्रशासन और समाज मिलकर चलते हैं तो, हर बुराई का अंत संभव है। चाहे वह नशे की लत हो, यातायात की लापरवाही हो या साइबर ठगी जैसी आधुनिक चुनौती।

■ अतिथियों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने नाटक, प्रस्तुतियां और संदेशात्मक संवादों के माध्यम से उन विषयों को छुआ, जो आज के युग में हर घर की चिंता का कारण बन चुके हैं। बच्चों ने शराब व सिगरेट से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, नशे में वाहन चलाने के कारण होने वाली दुर्घटनाएं, मोबाइल के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध पर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में बच्चों ने संदेश दिया कि अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी शेयर करने जैसी गलतियों से कैसे बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है, और ऐसी स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करना जरूरी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बच्चों के साथ बहुत आत्मीयता से संवाद किया और उन्हें जीवन में ईमानदारी, साहस और सतर्कता का महत्व समझाया। उनकी यह सहज, सरल और प्रेरणादायक बातें न सिर्फ बच्चों के लिए, बल्कि अभिभावकों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हुईं। कार्यक्रम में मुंगेली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों को जीवन में विवेकपूर्ण निर्णय लेने की सीख दी। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, पुलिस अधीक्षक और सीईओ ने बच्चों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# राष्ट्रीय कौशल कला महोत्सव में स्नेहा को मिला प्रथम पुरस्कार




**धरमपुरा।** राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कौशल कला महोत्सव 2025 में कथक नृत्यांगना स्नेहा शर्मा को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। धरमपुरा की स्नेहा शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पित होकर से न केवल कथक की बारीकियों को आत्मसात किया है, बल्कि अनेक नृत्य प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतकर अपने ग्राम और प्रदेश का नाम रोशन किया है। वे ग्राम धरमपुरा निवासी सतीश शर्मा तथा प्रेमलता शर्मा की पुत्री हैं । उन्होंने के.पी.एस तथा कृष्णा ललित कला कॉलेज द्वारा रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कौशल कला महोत्सव 2025 में कथक का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी प्रस्तुतियों में कथक की समृद्ध परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। वर्तमान में इसके अलावा उनकी शिष्या माही पाठक तथा रत्ना साहू ने भी इस प्रतियोगिता में कथक नृत्य का शानदार प्रदर्शन कर जूनियर श्रेणी में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अपनी शिष्याओ को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने हेतु उनको कौशल गुरु सम्मान से भी सम्मानित किया गया है ।कु. स्नेहा शर्मा की उपलब्धि ग्राम धरमपुरा सहित पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है । स्नेहा शर्मा ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों के साथ साथ अपने माता पिता को दिया है। स्नेहा शर्मा ने बताया कि वें खैरागढ़ संगीत कला विश्वविद्यालय से चार वर्ष का कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त की हैं । वर्तमान में वे शासकीय कला केंद्र मुंगेली में कथक गुरु के पद पर पदस्थ हैं।



## स्वास्थ्य मंत्री ने की विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# मातृ और शिशु मृत्यु दर शून्य स्तर पर लाने प्रयासों की जरूरतः जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला




जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से जिले में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं एनीमिक दर को शून्य स्तर पर लाने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने गर्भावस्था के दौरान नियमित रूप से जांच, आयरन की गोली, पोषण आहार, शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाले महिलाओं को समक्ष में आयरन की गोली खिलाने, पोषण आहार में प्रतिदिन एक अंडे खिलाने के साथ ही उनके खानपान पर विशेष ध्यान देने कहा। मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा रक्त शक्ति अभियान चलाकर एक ही दिन में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 60 हजार महिलाओं का एचबी जांच कराने पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में जिले का नाम दर्ज होने पर कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों को बधाई दी। श्री जायसवाल ने ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की एवं चिन्हित 171 कुष्ट रोगियों को पौष्टिक आहार किट उपलब्ध कराने के लिए विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों को निक्षय मित्र बनकर उनका सहयोग करने कहा। उन्होंने जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने, सिकल सेल एवं आयुष्मान भारत के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने कहा। वन विभाग की समीक्षा के दौरान दुर्लभ प्रवासी पक्षियों के रहवास एवं संरक्षण के लिए अनुकूल क्षेत्र का चयन कर संरक्षित करने, पौधरोपण के बाद उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने, जंगली जानवर के हमले से बचाव हेतु उपाय करने, तेंदुपत्ता संग्राहकों का सम्मेलन बुलाकर योजनाओं की जानकारी देने कहा। उन्होंने निर्माणाधीन पीएम आवासों को शीघ्र पूर्ण करने कहा, जिससे दीपावली के समय हितग्राहियों को गृह प्रवेश करा सकें। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास सभी 40 इंडिकेटर को शत प्रतिशत पूर्ण कर स्वर्ण मेडल प्राप्त करने का है। विभागीय समीक्षा बैठक में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, एसपी एसआर भगत, डीएफओ ग्रीष्मी चांद, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला प्रवास के दौरान नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन गौरेला का उद्घाटन किया। उन्होंने ओपीडी वार्ड एवं जनरल वार्ड सहित स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उन्हें फल वितरित किया। उन्होंने बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और समुचित इलाज के लिए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम प्रसव के प्रकरणों में विशेष सावधानी बरतें और गर्भावस्था के दौरान आयरन, विटामीन एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। स्वास्थ्य मंत्री ने वार्ड में भर्ती मरीजों की निजता के लिए डीएमएफ मद से पर्दे से पाटेशन करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान नर्सों ने स्वास्थ्य मंत्री को राखी बांधकर उन्हें लड्डू खिलाया और अपने नियमितीकरण की मांग की, जिस पर मंत्री ने उनकी मांग पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची सहित जिले के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## श्रावणी पूर्णिमा पर पूर्णाहुति के साथ श्री शारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक



**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास मे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा निरंतर किया जा रहा था। 11 जुलाई से आरंभ सावन के अवसर पर त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। यह आयोजन 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा, इस अवसर पर नित्य प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक नमक चमक विधि से किया जा रहा है। श्रावणी पूर्णिमा शनिवार को महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को श्रावणी पूर्णिमा कहा जाता है, जो धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और कल्याणकारी मानी जाती है। इस दिन रक्षाबंधन, यज्ञोपवीत संस्कार और ब्राह्मणों के उपाकर्म जैसे अनेक धार्मिक कार्य होते हैं।

कार्यक्रम

## महर्षि विद्या मंदिर मंगला में रुद्राभिषेक हर शनिवार होगा हनुमान पाठ



**बिलासपुर।** महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के तत्वाधान में महर्षि विद्या मंदिर मंगला में रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य रीना सिंह द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में हर शनिवार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाता है, जिससे समाज में सकारात्मक सोच उत्पन्न हो एवं विद्यार्थियों में संस्कार डाले जा सके।

आयोजन

## गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन के साथ भागवत कथा का समापन



**बिलासपुर।** स्व. प्रभा देवी मिश्रा की स्मृति में मुंगेली नाका स्थित डॉ अतुल मिश्रा के निवास स्थान में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुक्रवार को कथा व्यास पं. विनय मिश्रा सीपत-बाल्को के सानिध्य में गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्र धारा के साथ समापन हुआ। इसमें परिवारजनों के साथ अन्य श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इससे पहले प्रातः 8 से 11 बजे तक वेदी पूजन, अभिषेक, तुलसी पूजन, श्रीलक्ष्मी यज्ञ, आरती की गई। शनिवार 9 अगस्त को रिंग रोड स्थित पल्लव भवन में दोपहर 12 से 4 बजे तक वार्षिक श्राद्ध व भोज का आयोजन किया गया है। कथा को सफल बनाने में डॉ. विनय मिश्रा, अखिल मिश्रा, डॉ. अतुल मिश्रा, अजय मिश्रा, आशा गौरहा सहित पूरे मिश्रा परिवार का सहयोग रहा। ज्ञात हो कि विगत 1 अगस्त से आरंभ इस भागवत कथा में कथा वाचक ने हर दिन अलग-अलग प्रसंग में कथा का वाचन किया। हर दिन कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी।

स्पोर्ट्स

## कराते खिलाड़ियों की कलर बेल्ट ग्रेडिंग और ट्रेनिंग

**बिलासपुर।** एक दिवसीय कराते कलर बेल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग का आयोजन आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में किया गया, जिसमें 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। आल इंडिया गोजू रयु कराते डू फेडरेशन के अध्यक्ष व मुख्य



प्रशिक्षक हांसी एल नागेश्वर राव ब्लैक बेल्ट होल्डर्स जापान के मार्गदर्शन व प्रदेश गोजू रयू कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कराते कलर बेल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग में चकरभाठा, गुरुघासीदास विश्वविद्यालय और आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें खिलाड़ियों ने काता और कुमिते के साथ एडवांस ट्रेनिंग भी दी। प्रदेश गोजू रयू कराते एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक विनय गढ़ेवाल ने बताया कि 62 खिलाड़ियों को कलर बेल्ट प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आधारशिला स्कूल के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्रिंसिपल जीआर मधुलिका, उत्तम साहू, रूपेश आदि मौजूद थे।

# दुर्लभ महासंयोग के साथ मनाया जाएगा रक्षाबंधन आज

सावन पूर्णिमा के दिन शनिवार 9 अगस्त को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षा बंधन उत्साह से मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर उनसे आशीर्वाद लेंगी। वहीं भाई अपने बहनों को गिफ्ट देकर सुख-दुख में साथ देने का वचन देंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रक्षाबंधन का यह पर्व एक ऐसा पर्व है जिसे देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल दशकों बाद रक्षाबंधन पर दुर्लभ महा संयोग बन रहा है। दिन, नक्षत्र, पूर्णिमा संयोग, राखी बांधने का समय लगभग समान है। इस योग में राखी बांधने से दोगुना फल मिलेगा। रक्षाबंधन के दिन सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक है। ज्योतिषियों के अनुसार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त होगी।

8 अगस्त को भद्रा दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से 9 अगस्त को देर रात 1 बजकर 52 मिनट तक है। इसलिए 9 अगस्त को राखी का त्योहार मनाया जाएगा। 9 अगस्त को राखी बांधने का सही समय सुबह 5 बजकर 21 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक है। इस समय तक बहनें अपने भाई को राखी बांध सकती हैं। इसके बाद भाद्र पद महीने की शुरुआत होगी।

भाइयों की कलाई पर सजेगी राखियां, बहनों की रक्षा का देंगे वचन



## सीएमडी कॉलेज की छात्राओं ने बनाई इको फ्रेंडली राखियां



सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय समाज कार्य विभाग के छात्राओं द्वारा इको फ्रेंडली राखियां तैयार कर पुलिस विभाग एवं सेनाओं को सप्रेम भेंट की गई। इस राखियां की मुख्य विशेषता यह है कि यह पर्यावरण के अनुकूल है और पर्यावरण को किसी भी प्रकार के नुकसान नहीं पहुंचती है क्योंकि यह राखियां धान चावल कुसुम बाघी इत्यादि के फल फूल पौधों की बीच से तैयार की गई है जो मानव शरीर को किसी भी प्रकार नुकसान नहीं पहुंचते हैं। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉक्टर संजय दुबे ने समाज कार्य विभाग के प्राध्यापक नरेन्द्र टंडन एवं छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में पूर्व इको फ्रेंडली गुलाल रंग इत्यादि तथा सैनिटाइजर की निर्माण किया गया था आने वाले समय में आगे भी इसी तरह का महाविद्यालय द्वारा रचनात्मक कार्य किया जाएगा। शासी निकाय के सम्माननीय सदस्य अमन दुबे ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उक्त कार्य को संपादित किया जा रहा है। महाविद्याल के प्राचार्य डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि यह गौरव का विषय है छात्राएं पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं एवं इस तरह की राखियां निर्माण भी किया जा सकता है, पर्यावरण के संतुलन के लिए समाज को भी ध्यान देना चाहिए अपने जीवन शैली में परिवर्तन करते हुए प्रकृति के समीप जाना चाहिए क्योंकि प्रकृति के संरक्षण एवं सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है।।राखियां तैयार करने वाली छात्राएं चंचल वर्मा,शिखा केशरवानी, एकांकी भार्गव,प्रीति ,आकांक्षा, भारती।

## कर्नल्स एकेडमी ने जवानों को भेजी राखी

कर्नल्स एकेडमी के प्रांगण में छात्र -छात्राओं के द्वारा रक्षा बंधन के उपलक्ष्य पर राखी बनाई गई। रंग- बिरंगी राखियों को छात्रों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा सैनिक कमांडर एच सी तिवारी, जेल अधीक्षक खोमेश मांडवी, एसपी रजनीश सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर गीता त्रिपाठी,एमडी कैप्टेन, आर के त्रिपाठी मौजूद थे। राखियों को बॉर्डर पर तैनात हमारे उन जवानों के लिए भेजा गया जो अपने घर परिवार से दूर, अपनी जान परवाह किये बिना हर वक्त देश की सुरक्षा के लिए तैनात रहते है।



## भारत रक्षा पर्व अभियान के तहत सैनिकों को भेजी गई राखियां



भारत रक्षा पर्व अभियान के तहत लायंस क्लब वसुंधरा ने सैनिकों को राखियां भेजी। साथ ही यह संदेश दिया कि रक्षाबंधन को सिर्फ घर के भाइयों तक सीमित न रखते हुए सरहद पार उन सैनिक भाइयों को भी यह पर्व समर्पित है जो हर वक्त हमारी रक्षा के लिए सीमा पर तैनात रहते हैं। उनका प्रेम और सम्मान हर उस व्यक्ति के लिए है जो देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। राखी भेजने में अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, मंजू तिवारी, सुधा परिहार, शोभा त्रिपाठी, मंजू मिश्रा, सलमा बेगम, संजना मिश्रा, उषा मुदलियार, सावित्री जायसवाल, मंगला कदम, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, शारदा कश्यप ने सहयोग किया। क्लब सदस्य विनीता मिश्रा, अणिमा, सुजाता मिश्रा, रत्ना खरे, अंबुज पांडेय, हंसा सेलारका, मंजुला शिंदे, मंगला देवरस, सीता तिवारी, वायला सिंह, प्रीति खरे ने देशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दी।

## पुलिस को रक्षासूत्र बांधकर किया सम्मान



रक्षाबंधन का पावन पर्व समर्पण, स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक है, इस अवसर पर नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में अपने रक्षक प्रहरी यानी पुलिस बल के प्रति कृतज्ञता और स्नेह प्रकट करने, राखी का पवित्र सूत्र बाँधकर सम्मान किया गया। जहाँ बहनों का प्रेम और भाइयों का फर्ज एक नई प्रेरणा बनी। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राखी बाँधने की भावनात्मक पहल,के अंतर्गत एसएसपी रजनीश सिंह,अर्चना झा, रष्मीत कौर अन्य अधिकारियों को रक्षा शुत्र बांध कर नारी सम्मान और पुलिस जनों के सेवा के भाव को समर्पित किया गया। इस पहल में समाजसेवी प्रतिज्ञा सिंह,अरुणिमा मिश्रा,फिजा कुरैशी चंचल सलूजा ,गोविंद रायजी समस्त सेवी नारी शक्ति परिवार की प्यारी बहनें शामिल रही।

## एक राखी गुरु के नाम, राखी बनाओ प्रतियोगिता




चातुर्मास में शहर के सरकंडा जैन मंदिर में परम पूज्य आर्यिका श्री 105 अनर्घमति माता ससंघ के सान्निध्य में धर्म लाभ के कई अवसर मिल रहे हैं। इसी कड़ी में रक्षाबंधन में भी माताजी का मंगल आशीर्वाद से तीन दिवसीय रक्षा बंधन विधान के दूसरे दिन एक राखी गुरु के नाम राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समाज के महिलाएं व बहनों ने मिलकर बहुत ही सुंदर-सुंदर राखी की सजावट की। जिसे शनिवार को सरकंडा स्थित जैन मंदिर में विराजमान माताजी के सामने सारी राखियां लाई जाएगी। रक्षाबंधन के अवसर पर माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य एवं पंडित पारस के निर्देशन में तीन दिवसीय रक्षाबंधन विधान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रिया आकाश जैन, श्रुति जैन, अन्नी जैन, आदय जैन, नलिनी जैन, सविता जैन, प्रीति जैन, निशा जैन, साधना जैन, मनू जैन सहित समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## वृक्षों को राखी बांध कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जबड़ापारा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने पौधरोपण कर वृक्षों को राखी बांधी और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। स्कूल के बच्चों को इको फ्रेंडली बीज युक्त तथा धान से बनी राखियों के विषय में बताया गया। बीज युक्त राखियां पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाती बल्कि हर एक राखी एक नए पौधे को जन्म दे सकती है। 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल के बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य शाईस्ता बेगम, क्लब अध्यक्ष आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, वरिष्ठ सदस्य सावित्री मिश्रा, ममता वर्मा, मनी जायसवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशा शील, सपना ताम्रकार, विकास चंदेल, अजिंक्य तमहन ने किया।

## बंधवा लो भगवान से राखी कार्यक्रम आज



शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर के हॉल में शनिवार 9 अगस्त को शाम 7 बजे नगरवासियों के लिए बंधवा लो भगवान से राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला जाएगा एवं माउंट आबू से आई परमात्मा की राखी सभी को बांधी जाएगी।

## स्टेशन में कुली भाइयों को बांधी गई राखी



शांता फाउंडेशन परिवार की बहनों ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कुली भाइयों को राखी बांधी और मिठाईयां खिलाई। बदले में उनसे वचन लिया कि स्टेशन में किसी की भी बहन और बेटियों को कोई तकलीफ होने पर उनकी मदद करेंगे। राखी बांधने का यह चौथा वर्ष है। इस दौरान डी विनीता रॉव, सृष्टि सिंह एवं डी निहारिका रॉव उपस्थित रहीं।

## इनर व्हील क्लब ने मनाया 'सावन उत्सव'



कार्नर न्यूज

इनरव्हील क्लब बिलासपुर ने होटल सेंट्रल पॉइंट में धूमधाम से सावन उत्सव मनाया। इस अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब की सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। क्लब की अध्यक्ष सुनीता चावला ने सभी का स्वागत किया

इस उत्सव का मुख्य आकर्षण इंद्रधनुषी रंग थे, जिनके महत्व के बारे में आईपीपी ग्लोरिया पिल्ले ने बताया। इसी दौरान, क्लब में तीन नई सदस्य डॉ पुष्प रेखा पात्रे, सिमरन लाहौरानी और ज्योति खंडूजा को शामिल किया गया और उन्हें शपथ दिलाकर इनरव्हील व्हील पिन पहनाकर सम्मानित किया गया। सदस्यों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल और रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसने उत्सव में चार चाँद लगा दिए। इसके बाद, रेनबो क्वीन सरिता अग्रवाल', मानसून क्वीन गुंजन अग्रवाल' और 'मेघांशी क्वीन' डॉ पुष्प रेखा पात्रे का चयन किया गया। इन विजेताओं को क्राउन, सैशे और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संध्या साहू द्वारा किया गया। सावन उत्सव के सतरंगी कार्यक्रमों के साथ साथ मित्रता दिवस भी बहुत प्यार से मनाया गया।

## आदर्श सिन्धी पूज्य महिला विंग ने मनाया सावन महोत्सव

हाईटेक महिला विंग ने सावन उत्सव मनाया सर्वप्रथम झुलेलाल साईं की प्रतिमा के सामने ज्योत जलाकर पुष्प वर्षा की गई। आशा जौसवानी ने सभी आमंत्रित बहनों का महिला विंग की तरफ़ से स्वागत किया तत्पश्चात श्री कृष्ण के सुंदर भजनों में नाच गाकर सभी ने आनंद लिया। सावन सुंदरी प्रतियोगिता के सांथ सांथ मनोरंजन के लिए गेम्स भी रखे गए, सावन सुंदरी प्रतियोगिता में जीतने वाली जोड़ियाँ रति लालवानी व पीहू




लालवानी और दूसरी जोड़ी सिमरन एवं भूमि चंचलानी रहीं। इसके साथ ही अन्य कनक हरियानी, कंचन बजाज, प्रीशा लाल, कृतिका बजाज, मान्या मेघानी ने भी यह प्रतियोगिता जीती। हाईटेक अध्यक्षा मोनिका सिदारा ने सबका आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शारदा हरियानी किरण, रामचंदानी, सीमा चौधरी, मनीषा संभनानी, नीलम भक्तानी सहित महिलाएं उपस्थित रही।



## महिला मोर्चा की बहनों ने सावन उत्सव में खेले विविध गेम

सावन मास के अंतिम चरण में भी महिलाओं द्वारा सावन उत्सव मनाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पश्चिम मंडल कस्तूरबा नगर महिला मोर्चा की बहनों ने उत्साह से सावन उत्सव मनाया। इसमें वार्ड की महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। गेम में प्रिया अग्रवाल, डांस में बबीता, खेल में सारिका चौहान क्रमशः प्रथम स्थान पर रही। अतिथि के रूप में प्रतिभा, संजय उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रेमलता, अनिता, किरण सिंह, प्रमिला, सीमा, किरन मुले, प्रतिभा मिश्रा, इन्द्राणी, माया बंसल उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के लिए आवेदन 21 तक

**मुंगेली।** एकीकृत बाल विकास परियोजना 2 अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता-सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 21 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र चोरहा बुंदेली में कार्यकर्ता के लिए और आंगनबाड़ी केन्द्र भालापुर 1 व बुधवारा में सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष के बीच होना चाहिए। कार्यकर्ता के लिए कक्षा 12वीं या 11वीं बोर्ड पास और सहायिका के लिए कक्षा 8वीं पास होना चाहिए। भर्ती संबंधी अधिक जानकारी के लिए कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 में सम्पर्क किया जा सकता है।

### अवैध रूप से रखी कच्ची महुआ शराब जब्त

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम कोदवाबानी में छापेमार कार्रवाई कर 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। इसी तरह ग्राम कुकुसदा में 16 बल्क महुआ मदिरा जब्त की गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आरोपी अंकुश साहू एवं विजय जायसवाल के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी मुंगेली के प्रभारी जयसिंह मरकाम सहित स्टॉफ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### संविदा भर्ती के लिए अंतरिम सूची जारी

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदकों के कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरांत अंतरिम सूची जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मेडिकल आफिसर, डिस्ट्रिक्ट अकाउंट असिस्टेंट सहित अन्य पदों की अनंतिम सूची जिले के वेबसाइट पर अपलोड की गई है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### तीन विकासखंडों के 21 मेडिकल स्टोर्स की जांच

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के जिला स्तरीय नार्को समिति के बैठक में दिए गए निर्देश पर नारकोटिक दवाओं की अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए औषधि एवं प्रशासन विभाग द्वारा लगातार मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के तीनों विकासखण्डों में संचालित 21 मेडिकल स्टोर्स की जांच कर नारकोटिक दवाओं के क्रय-विक्रय रिकार्ड की भी जांच की गई और 15 अगस्त तक सीसीटीवी लगवाने के साथ ही नियमानुसार संचालन करने के निर्देश दिए गए। औषधि निरीक्षक महेन्द्र कुमार देवांगन, रत्नेश कुमार बरगाह एवं श्रीमती किरण सिंह सहित टीम द्वारा विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी, पथरिया एवं नगर पंचायत सरगॉव में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई।

## बेलतरा के मंडलों में तिरंगा यात्रा पर भाजपा की कार्यशाला

# ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य ने दिलाई सफलताः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए गए हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान को लेकर बेलतरा विधानसभा के मंडलों में बैठक आयोजित कर स्वाधीनता दिवस पर्व को जन जागरण अभियान बनाने का संकल्प लिया गया।

- तिरंगा यात्रा से समाज में होगा राष्ट्रवादी भावना का संचार

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में 10 से 15 अगस्त तक के विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतः सफल रहा। इसकी परिणिति स्वरूप पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में मनाया गया। उन्होंने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंग और अशोक चक्र में लगे हुए चौबीस तीलियां समता मूलक समाज का प्रतीक है। तिरंगा 140 करोड़ हिन्दुस्तानियों की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रहे अपितु हर घर हर व्यक्ति को इस पर्व से जोड़ना है यही इस अभियान की मंशा है। कार्यशाला को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी भाजपा जिला ग्रामीण के महामंत्री जनक देवांगन विजय धर दीवान डॉ तिलक साहू जिला मंत्री मीडिया इंचार्ज प्रणव शर्मा समदरिया जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रहरि ने संबोधित किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मणि दास मानिकपुरी पवन कश्यप मोनू रत्नाकर श्रीवास मनीष कौशिक भरत कश्यप गंगा साहू शैलू गोरख सीता ठाकुर लक्ष्मी सिंहा योगेश दुबे मनोरमा विजय यादव निक्की सोनी मनोज पटेल बुद्धेश्वर कश्यप बजरंग कश्यप कुशल सोनी छत्रपाल सिंह सुनील श्रीवास चैतराम धीवर लक्ष्मी प्रधान सोनू धीवर संकट मोचन चौबे हेमंत राजपूत अमर सिंह सोरठे देव कुमार विजय साहू शैल कश्यप उपस्थित थे।


कार्यशाला को संबोधित करते विधायक सुशांत शुक्ला।


रेलवे स्टेशन के बाहर समर्थकों के साथ धरमलाल कौशिक।

# कौशिक ने कार्यकर्ताओं के साथ बनाई कार्ययोजना

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त को होने वाले तिरंगा यात्रा हेतु बोदरी में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत होने वाले तिरंगा यात्रा हेतु रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को ज़मीनी स्तर पर तिरंगा यात्रा हेतु व्यापक जन-जागरूकता फैलाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के 79 वर्षगांठ पर 13 अगस्त को बिल्हा विधानसभा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

10 से 14 अगस्त तक पूरे भारत में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है जिसके तारतम्य में बोदरी में 13 को तिरंगा यात्रा निकला जायेगा। इसके अंतर्गत मोटर साइकिल के माध्यम से बोदरी क्षेत्र में यात्रा निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूरे क्षेत्र अंतर्गत सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाएंगे और घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश जनजन तक पहुंचाएंगे। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के साथ कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देशप्रेम का शंखनाद करेंगे हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, अध्यक्ष लव श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष पेंगन वर्मा, बोदरी नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा, संतोष वर्मा, हेमेंद्र दीक्षित, नरेश कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धार्मिक यात्रा कर लौटे

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बाबा बैजनाथ धाम, बासुकीनाथ के साथ कोलकाता काली घाट मां काली एवं असम गुहवाहटी में कामख्या देवी शक्तिपीठ की पावन धार्मिक यात्रा संपन्न कर बिलासपुर लौटने पर कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात श्री कौशिक ने निवास लौटने पर परंपरा और आस्था के अनुसार निवास प्रवेश से पूर्व विधिवत भैरव पूजा सम्पन्न कर क्षेत्र प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर स्वागत हेतु दीपक राव, पार्षद एम श्रीनू राव, राजाराम प्रजापति, मोहम्मद हनीफ, शहीद रज़ा, मनोज दुबे, रिंकू सिंह ठाकुर, रघु वैष्णव, मनोज पांडेय, संदीप सलूजा, विनय अग्रवाल, हरीश साहू, अजय कश्यप, केशरी सिंह ठाकुर एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना तिरंगा यात्रा का उद्देश्य



**सकरी।** 'मोर तिरंगा मोर अभिमान' अभियान के तहत आजादी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकालने का आह्वान किया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सकरी एवं काठाकोनी मंडल में बैठक का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण कर स्वतंत्रता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि यह यात्रा युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करें, और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करें। तिरंगा यात्रा के जिला सहसंयोजक संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि आजादी के लिए किए गए त्याग, तपस्या और बलिदान की स्मृतियों को चिरंजीवी रखने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ये पार्टी विशेष नहीं, बल्कि सभी भारतीयों का आयोजन है। प्रत्येक घर में तिरंगा आन बान शान से लहराए इसके लिए हमें संकल्प लेना है।कार्यक्रम को मंडल संयोजक संतोष वस्त्रकार, सकरी मंडल महामंत्री द्वय धात्री गुप्ता, तुलसी कौशिक, काठाकोनी मंडल महामंत्री द्वय अश्वनी साहू, शैलेन्द्र कौशिक, गीता सिंह, छतौना सरपंच राधिका कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, नीलेश ठाकुर, अमर गुप्ता, टिकेश्वर कौशिक, प्रकाश पाल, संजय पाल, मनोज साहू, संजय यादव, राजकमल साहू, प्रशांत गुप्ता, रानू सिदार, गौरी साहू, राजेस्वरी पटवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजादी का अमृत महोत्सव सम्मान का प्रतीकः धर्मजीत



**तखतपुर।** 13 अगस्त को होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा और 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए महाराणा प्रताप भवन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्हें मुख्य वक्ता और विधायक धर्मजीत सिंह ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में विधायक धर्मजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है।₹ उन्होंने कहा कि हर घर पर लहराता हुआ तिरंगा हमें उन शहीदों की याद दिलाएगा जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, ₹यह तिरंगा हमारी पहचान है। जब हर घर पर तिरंगा लहराएगा, तो पूरे देश में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि इस आयोजन में हर वर्ग और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा, ₹हमारा लक्ष्य है कि यह अभियान जन-जन तक पहुंचे और हर नागरिक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रमोद ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन प्रीतम कश्यप ने किया( इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक मंडल सह संयोजक दिनेश राजपूत भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कृष्णाकुमार साहू भाजपा तखतपुर मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू प्रदेश भाजपा प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक विजयपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू विजयपुर संयोजक उत्तरा कश्यप जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप तखतपुर भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद ठाकुर प्रीतम कश्यप देवेंद्र कश्यप विजयपुर सह संयोजक शिव यादव तुलसी राम यादव बंशी पाड़े गिरीश कश्यप गुलजीत खुराना अमित मंदानी टीकम कौशिक राघवेंद्र पांडे हेमचंद कौशिक देवेंद्र कश्यप संतोष श्रीवास दिलीप तोलानी अभिषेक ठाकुर गिरीश तोलानी लव पाण्डे महेंद्र पांडे दिलहरन यादव शिप्रा सैमुएल अजय यादव रूपेश साहू सरजू यादव अजय यादव कैलाश देवांगन अंकित अग्रवाल कोमल ठाकुर सुरेश देवांगन विश्वनाथ यादव यतेन्द्र दुबे मनहरण कौशिक संदीप खांडे शुभम पांडे निहाल साहू ऋषभ कश्यप पप्पू ठाकुर चमन शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे!

# बच्चों ने मेहंदी एवं राखी बनाकर दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम पथर्री विद्यालय में राखी एवं मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम रुबिका साहू, द्वितीय रीना साहू एवं तृतीय स्थान नीलम ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार से राखी प्रियोगिता में प्रथम निहारिका, द्वितीय मिलुराम एवं तृतीय स्थान उर्वशी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि डॉ जीके निर्मलकर ने भारतीय संस्कृति एवं परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि छत्तिसगढ़ खुशियों का पिटारा है, जहां पूरे वर्ष खुश रहने के लिए उत्सव होते ही रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक रामरतन साहू व अध्यक्षता दिलीप कुमार ने की। इस अवसर पर जितेन्द्र यादव, सूरज यादव,सहोदरा साहू, तारनी, चांदनी, काजल नवरंग तथा छात्र छात्राएं दीपक,तिपेश्वर, अभिषेक, साहिल राधिका यादव,रुबिका, वर्षा, ईशान, मुकेश, पवेंद्र, गौतम आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने घटारानी में मनाया सावन उत्सव



**करगी रोड कोटा।** नगर की महिलाओं ने गारियाबंद स्थित घटा रानी में सावन उत्सव मनाया। इस मौके पर आपसी मिलन और मनोरंजन के उद्देश्य पर्यटन स्थल पर भ्रमण किया गया।

हरे-भरे प्राकृतिक वातावरण और ठंडी हवाओं के बीच सभी ने विभिन्न खेलों, गीत-संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। सुनीता शर्मा, ज्योति केसरवानी, प्रतिभा विश्वकर्मा, शालू गुप्ता अंकिता सिंग, आशा गुप्ता ,सविता शुक्ला, ज्योति शर्मा, सतीश गुप्ता, शिवा आदि ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल आपसी भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ाते हैं, बल्कि दैनिक व्यस्तताओं से समय निकालकर मन को तरोताज़ा करने का अवसर भी देते हैं। इस दौरान महिलाओं ने कई प्रकार के गेम खेले और भरपूर आनंद लिया।

# मनियारी जलाशय से छोड़ा गया पानी, किसानों को मिलेगी राहत


मनियारी जलाशय के नहर से निकलता पानी।

**लोरमी।** विकासखंड के ग्राम खुड़ियि स्थित राजीव गांधी जलाशय से 1 लाख 29 हजार एकड़ क्षेत्र में खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को खरीफ फसलों की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जल वितरण व्यवस्था की निगरानी और किसानों तक समय पर जल पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले के किसानों को बिना किसी बाधा के सिंचाई जल उपलब्ध हो। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि खुड़िया जलाशय वर्तमान में 150.68 मि.घ.मी. अर्थात 102 प्रतिशत पानी भरा हुआ है, और वेस्ट वेयर के माध्यम से भी पानी निकल रहा है। पानी छोड़ने से सिंचाई के साथ ही ग्रामीणों को निस्तारी के लिए जल की सुविधा मिलेगी। जलाशय का गेट खुलने के बाद क्षेत्र के लोगों ने उप मुख्यमंत्री, कलेक्टर और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## तालाब में ग्रामीण की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी, जांच जारी

**लोरमी।** विकासखंड के ग्राम बैगाकापा के तालाब में ग्रामीण की लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया, पुलिस मर्ग कायम कर मामले विवेचना में जुट गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को 7 बजे ग्राम बैगाकापा के ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव के तेली तालाब में एक ग्रामीण का शव पानी तैर रहा है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पंहुची एवं शव की शिनाख्त कराई गई, जिसमें मृतक की पहचान बैगाकापा निवासी देवकुमार बंजारा उम्र 45 के रूप के रूप में हुई। ग्रामीणों एवं परिजनों ने बताया कि अधेड़ देवकुमार बंजारा पिता श्यामलाल बंजारा नहाने या शौच के घर से निकला था, इसी दौरान तालाब में डूबने की आशंका है। उन्होंने बताया कि मृतक मिर्गी जैसे रोग से पीड़त था, ऐसे में ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि पानी में उतरते समय मिर्गी का दौरा पड़ने से वह पानी मे डूब गए होगा। ग्रामीण की मौत किस हालत में हुई और कैसे हुई, यह जांच का विषय है। लालपुर पुलिस ने मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाल कर पंचनामा कराया एवं पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी हुई है।



## निधन

### रामकृष्ण लाल पाण्डेय

**बिलासपुर।** ग्राम - बेलसरी (तखतपुर) निवासी सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक रामकृष्ण लाल पाण्डेय का 95 वर्ष की आयु में 7 अगस्त को निधन हो गया। वे स्व. टेकराम पांडेय के पुत्र एवं शकुन्तला पाण्डेय, स्व. शशिकांत पाण्डेय, सूर्यकांत, सुशील, सतीश, पूर्णिमा शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 7 अगस्त को सरकण्डा बिलासपुर के मुक्तिधाम में किया गया।



### उमेश मौर्य

**बिलासपुर।** चांटीडीह निवासी उमेश मौर्य उर्फ़ चंचल का 8 अगस्त को निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। 9 अगस्त को उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास रामायण चौक चांटीडीह से दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व रामजी मौर्य के पुत्र, जीतेन्द्र और संतोष मौर्य के भाई थे।



### मथुरा बाई ठाकुर

**तखतपुर।** टिकरीपारा निवास श्रीमती मथुरा बाई ठाकुर 50 वर्ष का 8 अगस्त को निधन हो गया। वे जितेंद्र, राहुल, रवि की माता थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करने महत्वपूर्ण कदम



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु शैक्षणिक सत्र 2025 26 में दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद अंकित अग्रवाल थे। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में मार्गदर्शन देना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को समझाना था। अशोक ठाकुर ने कहा कि इस दीक्षारंभ कार्यक्रम को नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं भली प्रकार से समझेंगे और इसका लाभ अवश्य उठाएंगे। विशिष्ट अतिथि अंकित अग्रवाल ने कहा कि मैं इस महाविद्यालय का भूतपूर्व छात्र रहा हूं लेकिन मुझे यह सौभाग्य नहीं मिला कि हम लोग के समय में दीक्षारंभ कार्यक्रम हो।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह व्यवस्था की गई है जो बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि अश्वनी शर्मा विधायक प्रतिनिधि अमर मंदानी प्रमोद ठाकुर वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ मीना शर्मा सहायक पर प्राध्यापक डॉ राजीव शर्मा डॉ सीमा नाथ डॉ मीरा गुप्ता डॉ पार्वती पटेल अंजीत नेताम शिव कुमार साहू डॉ ज्योति गोस्वामी डॉ स्वाति पांडे डॉ नावेद सिद्दीकी कुमारी प्राची गुप्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सागर निषाद गीतेश जायसवाल महिमा पायल निशिका आदित्य अक्षय सूरज प्रकाश संतोष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष इंदु कौशल ने किया।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ....बी-121/2024-25
ग्राम- सारधा, प.ह.न. 30
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् सर्व साधारण ग्राम सारधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत सिंह राजपूत पिता कमल सिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी ग्राम सारधा तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने माता हेमबाई के ग्राम सारधा में मृत्यु दिनांक 01.01.1986 के संबंध में आवेदन पेश किया गाया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 22.08.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।

आज दिनांक 07.08.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना, चिल्हाटी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-162 मूल आबंटी श्रीमती विद्या राठौर पति श्री दिनेश कुमार राठौर के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.08.2020 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 25.06.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा पति श्री हरिशंकर चंद्रा के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक-02 मूल आबंटी श्री परदेशी भोई पिता स्व. श्री गनेशू भोई के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 17.11.2014 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को अपने पुत्र श्री सुरेन्द्र भोई पिता श्री परदेशी भोई को दान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 3 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भः जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00021 गतौरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT20242540 0105500056

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम गतौरी के वर्तमान भूमिस्वामी लाल बिहारी पाण्डेय पिता बैजनाथ पाण्डेय पिता/पति-पता-सा. कोतमा अनुपपुर (म.प्र.) के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 425/10 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुधीर कुमार पाण्डेय पुत्री बंदना पाण्डेय, सुजाता पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय पिता/पति-स्व लाल बिहारी पाण्डेय पता-देवतली पो नवांनगर जिला बलिया, श्रीमती सुंदरी देवी पिता/पति-स्व लाल बिहारी पाण्डेय पता-देवतली पो नवांनगर जिला बलिया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनबाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
Garima Thakur
बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### विश्व आदिवासी दिवस पर विविध आयोजन आज

**बिलासपुर।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त शनिवार को जिला मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली है। जिसमे सम्पूर्ण जिले, ब्लॉक एवं संभाग के आदिवासी सामाजिक जन हजारों की संख्या में पारम्परिक वेशभूषा के साथ उपस्थित रहेंगे। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते, सचिव आयुष सिंह राज ने बताया कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जरहाभाठा आदिवासी छात्रावास से विशाल महारैली के रूप में गोंडवाना भवन अशोक नगर, सरकंडा पहुंचकर रैली का समापन होगा। तदूपरांत गोंडवाना भवन में संगोष्ठी होगी। रैली जरहाभाठा आदिवासी छात्रावास से सुबह 10 बजे देवपूजन पश्चात, सुबह 11. 30 बजे रैली प्रस्थान होकर अशोक नगर चौक होकर गोंडवाना भवन पहुंचकर रैली का समापन होगा । गोंडवाना भवन में दोपहर 3 बजे से महासभा, संगोष्ठी होगी। जिसमे जिला बिलासपुर के समस्त विधायक अतिथ्य होंगे। इसमें सामाजिक प्रतिभावान छात्र छात्राओं, खिलाड़ियों, समाज को गौरान्वित करने वाले युवा - युवतियों के साथ साथ सामाजिक कार्यों मे उत्कृष्ट सेवा देने वाले शासकीय एवं गैर शासकीय समाज प्रमुखो का सम्मान किया जाएगा। जिला सर्व आदिवासी समाज द्वारा अपने विभिन्न संवैधानिक मांगो को लेकर छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन भी सौपेगा।

### भाजपा 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में निकालेगी तिरंगा यात्रा



**बिलासपुर।** दक्षिण मंडल द्वारा विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन लखीराम ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें जिले के सहसंयोजक अजीत सिंह भोगल ने कहा कि केंद्र के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को हम मंडल के कार्यकर्ताओं के बीच लेकर आए हैं। पूर्व में जिले की कार्यशाला में 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है। साथ ही 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जाए। 15 अगस्त को शाम को तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतरना सुनिश्चित किया गया है। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों युद्ध स्मारक को और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जगह के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महामंत्री नारायण गोस्वामी, महामंत्री जगदीश शाह, मंडल कार्यक्रम के सह प्रभारी कविता वर्मा, रीना गोस्वामी, विशाल कश्यप आदि मौजूद थे।

### गिरौदपुरी विकास के लिए 2 करोड़ का प्रावधान, समाज ने जताया आभार

**बिलासपुर।** प्रदेश स्तरीय बाबा गुरूघासीदास विशाल मेला भरनी परसदा पेण्डारी के अध्यक्ष व अखिल भारतीय सतनामी समाज के प्रमुख राजमंहत तखतपुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व सभापति सतनामी समाज के नेता उमादत्त धिलहरे ने बताया कि बाबा गुरूघासीदास की जन्म व कर्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी धाम के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2 करोड़ रूपए का प्रवधान किया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े प्राधिकरण के लिए भी बजट में 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ रूपए करने का निर्णय लिया है। उक्त महत्वपूर्ण कार्य हेतु निर्णय लिये जाने एवं अमल करने पर मुख्यमंत्री को उमादत्त धिलहरे,जगदीश लहरे, संतराम लहरे,लक्ष्मी खाण्डे, मोती कोशले, राजेन्द्र खाण्डे, सत्येन्द्र खाण्डे, सुरेश खाण्डेकर, सुनील लहरे, धीरज खण्डे, रति बंजारे, जगत कोशले, राजकुमार खाण्डे, रमेश कुमार सुर्यवंशी, शिवकुमार सोनवानी चंद्रवती घृतलहरे, प्रिती खाण्डे, पांचो बाई, घृतलहरे, धनंजय कुर्रे, दुर्गेश जांगडे, पूरन प्रकाश, रामकुमारी, प्रमिला सोनवानी, नेहा सोनवानी सहित सतनामी समाज के राजमंहतों, समाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### कस्तूरबा नगर शिव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन



**बिलासपुर।** कस्तूरबा नगर शिव मंदिर में भजन का आयोजन किया गया। इसमें शिवकुमार भोई, मदन सिंह ठाकुर और उनकी टीम ने भजन की प्रस्तुति दी। भजन जिंदगी एक किराये का घर है, शिव भोला भंडारी, गोबिंदा गोबिंदा, गोपाला जैसे एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। तबला वादन कर धनंजय यादव ने अपनी छाप श्रोताओं पर छोड़ी। वार्ड पार्षद भरत कुमार कश्यप, आशीष पाल, रोहित कश्यप, प्रफुल्ल मिश्रा, कृष्ण चंद्र दुबें, ननकी साहू, रामअवतार सोलंकी, कुदन चन्द्राकर, प्रकाश भोई, बिट्टू साहू, चुड़ामणी कश्यप बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### श्री गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ केयर हॉस्पिटल ने किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बिलासपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा में श्री गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ केयर हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। कई कर्मचारियों को पहली बार इस शिविर के माध्यम से यह जानकारी मिली कि वे ब्लड प्रेशर या मधुमेह जैसी समस्याओं से ग्रसित हैं, जिसकी उन्हें पूर्व में जानकारी नहीं थी। इस आयोजन में डॉ. रामकृष्ण कश्यप, डॉ. रूपेश श्रीवास्तव, डॉ. नेहा पांडे यह शिविर केवल जांच का माध्यम नहीं रहा, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।





### ओवरब्रिज की सड़क खराब, चलना मुश्किल

**बिलासपुर।** लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सिरगिट्टी ओवरब्रिज की सड़क उधड़ गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है। बारिश होने पर ब्रिज पर कीचड़ फैल जाता है, वहीं बारिश नहीं होने पर धूल के गुबार उड़ते हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण यहां दुर्घटनाएं भी होती रहती है। लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

केवल 700 स्टूडेंट्स ने लिया एडमिशन, सेकंड फेस की लिस्ट जारी

# सीयू: फर्स्ट फेस में एडमिशन के बाद खाली रह गईं यूजी की 1400 सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीयूईटी के स्कोर आधार पर यूजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए मारामारी रहती है, किन्तु इस बार फर्स्ट फेस के एडमिशन के बाद लगभग 1400 सीटें खाली रह गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी के विभिन्न पाठयक्रमों में 2 हजार 159 सीटें हैं, जिनमें से फर्स्ट फेस के काउंसिलिंग में लगभग 700 स्टूडेंट्स ही एडमिशन ले पाए हैं।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों की खाली बची 1400 सीटों के लिए सीयूईटी स्कोर के आधार सेकंड मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है और सेकंड फेस का एडमिशन चालू हो गया है। सेकंड फेस का एडमिशन तहत 10 अगस्त तक स्टूडेंट्स फीस जमा कर सकते हैं। फर्स्ट व सेकंड फेस में एडमिशन पश्चात 18 व 19 अगस्त को उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद भी यूजी में सीटें रिक्त रही तो 29 अगस्त को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। फिलहाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को सेकंड फेस के एडमिशन में यूजी की काफी कुछ सीटें भर जाने की संभावना है। एडमिशन प्रक्रिया आनलाइन चल रही है, इसलिए यूनिवर्सिटी में यूजी के एडमिशन को लेकर भीड़भाड़ नजर नहीं आ रही है और आनलाइन ही सारी प्रक्रिया चल रही है। यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में 2 हजार 159 सीटें हैं। इनमें से लगभग 700 सीटों पर एडमिशन हो पाया है, जबकि करीब 1400 सीटें खाली बची हैं। फर्स्ट फेस में कटऑफ भी काफी हाई गया था, किन्तु सेकंड फेस में सीयूईटी तहत कटऑफ थोड़ा नीचे गया है। इसलिए आधा से ज्यादा सीटें इस बार भर जाएंगी।



### 32 हजार 292 पंजीयन हुआ था

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजी पाठयक्रमों में एडमिशन के लिए आनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू हुई थी और 25 जुलाई पंजीयन की अंतिम तिथि थी। इसमें वे बारहवीं उत्तीर्ण स्टूडेंटस पंजीयन कराए हैं जिन्होंने सीयूईटी एग्जाम दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 32 हजार 292 स्टूडेंट्स ने पंजीयन कराया है। पिछले सत्र 2024-25 में 18 हजार 583 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिससे इस बार 13 हजार 709 अधिक स्टूडेंटस ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### यूजी के इन 26 पाठयक्रमों में चल रहा प्रवेश

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सत्र 2025-26 के लिए 26 यूजी पाठयक्रमों सहित 01 डिप्लोमा पाठयक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इन पाठयक्रमों के लिए जो पंजीयन हुआ है उसमें कला स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 349, कला स्नातक ऑनर्स अर्थशास्त्र में 679, कला स्नातक ऑनर्स हिंदी में 180, कला स्नातक ऑनर्स इतिहास में 672, कला स्नातक ऑनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार में 607, कला स्नातक ऑनर्स राजनीति विज्ञान में 851, कला स्नातक ऑनर्स अंग्रेजी में 831, बीबीए में 1245, वाणिज्य स्नातक ऑनर्स वाणिज्य में 1098, बीसीए में 1295, बीए एलएलबी में 2531, बीकॉम एलएलबी में 1050, फार्मेसी स्नातक में 2580, विज्ञान स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 864, विज्ञान स्नातक ऑनर्स जैव प्रौद्योगिकी में 4271, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वनस्पति विज्ञान में 1892, विज्ञान स्नातक ऑनर्स रसायन विज्ञान में 1395, विज्ञान स्नातक ऑनर्स कंप्यूटर विज्ञान में 259, विज्ञान स्नातक ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स में 324, विज्ञान स्नातक विज्ञान ऑनर्स भौतिकी में 807, विज्ञान स्नातक ऑनर्स फोरेंसिक विज्ञान में 2584, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वानिकी में 1225, विज्ञान स्नातक ऑनर्स गणित में 829, विज्ञान स्नातक ऑनर्स ग्रामीण प्रौद्योगिकी में 464, विज्ञान स्नातक ऑनर्स प्राणी विज्ञान में 2621, समाज कार्य स्नातक समाज कार्य में 291, एवं डिप्लोमा फार्मेसी में 498 पंजीयन हुआ है।

शैक्षणिक एवं शोध के क्षेत्र में करेंगे आपसी सहयोग : कुलपति प्रो. चक्रवाल

## सीयू और सेगी विवि मलेशिया के मध्य एमओयू

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय और सेगी विश्वविद्यालय, सेलांगोर दारुल एहसान, मलेशिया के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह हस्ताक्षर सेगी विश्वविद्यालय मलेशिया के परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल एवं सेगी विश्वविद्यालय एवं कॉलेजेज, मलेशिया की कुलपति प्रो. चेम डॉ. तेह गिओक बी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि यह एमओयू राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के भारतीयता के साथ शिक्षा और शिक्षण के अंतरराष्ट्रीयकरण के साथ अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि एक समान लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाने का एक सकारात्मक कदम है। कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि यह साझेदारी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के वैश्विक




विस्तार में एक मील का पत्थर साबित होगी। दोनों विश्वविद्यालयों में शिक्षा एवं शोध के स्तर को ऊंचा उठाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग हमारे छात्रों और शिक्षकों के लिए नए द्वार खोलता है और वैश्विक दृष्टिकोण, संसाधन और विशेषज्ञता प्रदान करता है। वहीं, सेगी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. चेम डॉ. तेह गिओक बी ने कहा कि हम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय भारत के साथ हाथ मिलाकर बेहद प्रसन्न हैं और साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण पहलों को विकसित करने के लिए तत्पर हैं। यह एमओयू हमारे साझा शैक्षणिक नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संयुक्त अकादमिक कार्यक्रम, अनुसंधान सहयोग, संकाय और छात्र विनिमय तथा अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के आयोजन सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाओं, और वैश्विक ज्ञान नेटवर्क में सहभागिता के नए मार्ग खोलता है, जिससे छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों को लाभ होगा।

### शिक्षा के व्यापारीकरण के खिलाफ एयू में विरोध प्रदर्शन

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारीकरण एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को एनएसयूआई ने अटल यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से मिलकर अपनी बात रखते हुए कालेजों में एक ही जमीन, भवन में अलग-अलग नियामक संस्थाओं से मान्यता प्राप्त कर डीएलएड, बीएड, फार्मेसी, बीएचएमएस, लॉ सहित स्नातक व स्नातकोत्तर पाठयक्रम संचालित किए जाने को शिक्षा का व्यापारीकरण बताते हुए भारी भरकम फीस एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। अटल यूनिवर्सिटी विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर तत्काल जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि यूनिवस्रिटी प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो यह माना जाएगा कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन भी इस गोरखधंधे में मौन सहभागी है। उनका कहना है कि इस मामले में पहले भी कुलपति को ज्ञापन दे चुके हैं, किन्तु आज तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं हुई। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, लोकेश नायक, विक्की यादव, सुमित शुक्ला, शुभम जायसवाल, प्रवीण साहू, शिवा कौशिक, विपिन साहू, अंश बाजपेयी, पुष्कर पाल, आवेश आदि एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ईस्ट जोन में प्राइवेट और डीम्ड मल्टी डिसीप्लिनरी विवि वर्ग में द्वितीय स्थान

# सीवीआरयू को मिला प्राइवेट और मल्टी डिसीप्लिनरी विवि का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय को द वीक की ओर से ईस्ट जोन में प्राइवेट और डीम्ड मल्टी डिसीप्लिनरी विश्वविद्यालय वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में जितेंद्र प्रसाद केंद्रीय मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सांसद शशि थरूर एवं यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एम जगदीश कुमार की उपस्थिति में यह सम्मान डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष को प्रदान किया।

विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि द वीक देश की विश्वविद्यालय की रैंकिंग करती है। इसके बड़े कड़े मानक होते हैं । जिसमें की अकादमिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, शैक्षणिक गुणवत्ता, फैकल्टी, खेल सुविधाएं सहित कई मानक तय किए गए हैं। द वीक ने डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय को भी अपने मन को मानको पर परखा है। इस पर प्राइवेट और डीम्ड मल्टी डिसीप्लिनरी विश्वविद्यालय ईस्ट जोन में द्वितीय स्थान डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया है।




### प्रदेश का पहला ए ग्रेड विश्वविद्यालयः कुलसचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय है। हमें पहले निजी विश्वविद्यालय को नेक ऐ ग्रेड होने का भी गौरव प्राप्त है। निश्चित रूप से हमारा विश्वविद्यालय सभी गुणवत्ता और मानकों पर सर्वश्रेष्ठ है।

### सैनिक भाइयों के कलाइयों पर बंधेगी राखी

देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात सैनिकों की कलाइयों पर डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के बहनों की राखियां सजेगी। विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स इकाई की छात्राओं ने भाइयों के लिए राखी भेजी है। विश्वविद्यालय के लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि एक राखी सैनिकों के नाम विषय पर देशभर से सैनिकों के लिए राखी भेजी जा रही है। भाई-बहन के इस पर्व में सैनिकों की कलाई सुनी ना रहे। इसलिए एनसीसी कैडेट्स ने भाइयों के लिए राखी भेजी है। 7 सीजी बटालियन बिलासपुर के माध्यम से यह पवित्र बंधन की डोर सैनिकों तक पहुंचेगी । इस अवसर पर कुलसचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी, नीरज कश्यप, राकेश मिश्रा, डिप्टी रजिस्टार पुष्पा कश्यप, लाइब्रेरियन डॉ संगीता सिंह, प्रो.आकांक्षा अवस्थी, डॉ जयशंकर यादव आदि उपस्थित रहा।

## एजुकेशन प्लस

### बांग्ला प्रदर्शनी में झलका पश्चिम बंगाल का सांस्कृतिक वैभव



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में 6 एवं 7 अगस्त को आमर सोनार बांग्ला शीर्षक से एक भव्य पश्चिम बंगाल दर्शन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विविधाताओं से परिचित कराना था। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल की साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक एवं भौगोलिक विशेषताओं को विभिन्न मॉडल्स पोस्टर, वेशभूषा, नृत्य, संगीत एवं संवाद प्रस्तुति किया। मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल अस्पताल के डी एम ओ डॉ रूपक चटर्जी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजना से विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मकता विकसित होती है। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, डायरेक्टर सुनीता अग्रवाल व अन्य सभी डायरेक्टर सहित, डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ श्रुति गुप्ता एवं व्यापार विहार ब्रांच की प्राचार्य रेचल अलेक्जेंडर की उपस्थिति होकर प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन किया । आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य संगीता मिश्रा, उप प्राचार्य नंदिता चटर्जी एवं कोऑर्डिनेटर सीमा अग्रवाल की सक्रिय सहभागिता रही।

### चौकसे कॉलेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन वीक

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में वीटेक प्रथम वर्ष (वैच 2025 2029), एमबीए (बैच 2025 2027) तथा एम. टेक. (वैच 2025 2027) के छात्रों के लिए इंडक्शन वीक का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ 12 अगस्त को होगा । इंडक्शन वीक के पहले दिन विद्यार्थियो को महाविद्यालय के परिचय के साथ महाविद्यालय के विभिन्न रूल्स एवं रेगुलेशन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। जिसमे छात्र छात्राए अपने पालकों के साथ उपस्थित हो सकेंगे ।


आयोजन के दूसरे दिन महाविद्यालय का परिचय से अवगत कराया जाएगा। जिसमे विद्यार्थी अपने कॉलेज, एनएसएस, एनसीसी, कॅरिअर गाइडेंस सेल, महिला प्रकोष्ठ, ग्रीवेंस सेल, क्लासेस तथा लैब की जानकारी साथ टी एंड पी सेल, एग्जाम सेक्शन, ऑफिस और अकाउंट सेक्शन की कार्यप्रणाली को समझेंगे। इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन बैच मैट की जानकारी दी जाएगी। जिसमे छात्र छात्राओं को पिकनिक ले जाया जाएगा। जिसके माध्यम से विद्यर्थियों को अपने सहपाठियों से



मेलजोल बढाने का अवसर प्राप्त होगा। । इंडक्शन में आयोजन के अगले दिन महाविद्यालय द्वारा भारत देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस आयोजित किया जाएगा। जिसमे नए विद्याथियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय से रूबरू कराना। उन्हें महाविद्यालय में अनुशाषित रहकर अपने बी. टेक, एम. टेक तथा एमबीए के पाठ्यक्रम को आसानी से और सफलतापूर्वक पार कराना है।

## बिजनेस प्लस

### रेडीमेड ब्रांडेड सेल में राखी पर तीन दिवसीय डिस्काउंट मेला




**बिलासपुर।** राखी पर्व पर शहरवासियों के लिए रेडीमेड ब्रांडेड सेल द्वारा तीन दिवसीय भव्य डिस्काउंट मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ब्रांडेड कपड़े बेहद कम कीमतों पर उपलब्ध होंगे। आनंद होटल के बाजू ,पुराना बस स्टैंड रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंगलम भवन में ब्रांडेड गारमेंट्स द्वारा आयोजित सेल में नए ब्रांडेड गारमेंट्स का स्टॉक आ चुका है।

सेल के संचालक ने बताया कि इन ब्रांडेड गारमेंट्स एक्सक्लूसिव ब्रांड्स के कपड़े भी बिक रहे हैं। इस सेल में कई मशहूर ब्रांड्स के उत्पाद शामिल हैं। सेल में मेंस के लिए टी-शर्ट, शर्ट, पैंट, जींस, जबकि महिलाओं के लिए कुर्ती, प्लाजो, लॉन्ग ड्रेस, वेस्टर्न टॉप्स आदि आकर्षक दामों पर मिल रहे हैं. बच्चों के लिए बच्चा टी-शर्ट, नेकर, जीन्स शर्ट, लोअर, टॉप जीन्स, कुर्ती, प्लाजो, लोअर, कैपरी, वेस्टर्न टॉप जीन्स भी है।

ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट, लॉन्ग कुर्ती, जेंट्स जीन्स, ट्राउजर्स उपलब्ध है. विशेष आकर्षण के रूप में साड़ियां, कुर्तियां और अंब्रेला सूट बेचे जा रहे हैं. सेल प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। आयोजक के अनुसार, यह मौका केवल सीमित दिनों के लिए है और पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर स्टॉक उपलब्ध रहेगा। फ्री एंट्री और फ्री पार्किंग की सुविधा भी है. इस त्योहार पर कम कीमत में ब्रांडेड कपड़े खरीदने का यह सुनहरा अवसर किसी तोहफे से कम नहीं होगा।

# महिलाओं के ज्ञानवर्धन के लिए हरिभूमि का अच्छा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 स्थित हरिभूमि कार्यालय में शुक्रवार को महिला दिवस पर हरिभूमि द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का ड्रा शहर की विशिष्ट महिलाओं की उपस्थिति में निकाला गया। अतिथियों ने हरिभूमि के इस आयोजन को बेहतर बताते हुए कहा कि यह महिलाओं को जोड़ने का एक अच्छा प्रयास है। इससे नॉलेज बढ़ने के साथ ही अखबार पढ़ने में भी रूचि बढ़ती है।

- सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विजेता घोषित

कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि के तत्वावधान में साल भर होने वाले आयोजनों पर प्रकाश डाला और बताया कि अन्य आयोजनों में से महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी एक है। यह ऐसी प्रतियोगिता है, जिसमें महिलाएं उत्साह से भाग लेती हैं और ज्यादातर सही जवाब देने उनका प्रयास रहता है।



हरिभूमि कार्यालय में शुक्रवार को निकाला गया महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता का लकी ड्रा।

हर साल इस प्रतियोगिता की प्रतिभागियों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता को दर्शाता है। अपेक्षा है कि प्रतिभागी महिलाएं आगे भी इस आयोजन में अपनी रूचि दिखाएंगी। इसके बाद अतिथियों ने प्रतियोगिता का ड्रा निकाल कर विजेताओं की घोषणा की। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, नाजिया सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### परीक्षा के लिए उपयोगी

अतिथि डॉ. प्रतिभा माखीजा ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एक अच्छा आयोजन है। इससे महिलाओं को अपनी प्रतिभा को परखने एक प्लेटफार्म मिल जाता है। प्रतियोगिता के ड्रा के बाद स्थान पाने वाली प्रतिभागियों को खुशी तो होती ही होगी उन्हें अपने नॉलेज के बारे में भी अंदाजा लग जाता होगा। यह पल उनके लिए आनंद देने वाला होता होगा। प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी उपयोगी है।

### ले सकती हैं प्रेरणा

अतिथि अंकिता खेड़िया ने कहा कि हरिभूमि के कई आयोजनों में उसे आने का मौका मिलता है। वैसे तो हरिभूमि का प्रत्येक आयोजन बेहतर रहता है पर महिला दिवस पर आयोजित यह प्रतियोगिता महिलाओं के लिए खास रहती है, क्योंकि इस प्रतियोगिता के पूछे गए सवालों में कई ऐसी महिलाएं रहती हैं जिसे लोग अपना रोल माडल मानते है। यह प्रतिभागियों के लिए भी प्रेरणादायी हो सकती है।

### मिलती है नई-नई चीज

महिला उद्यमी शिल्पी केडिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं की अखबार पढ़ने में रूचि बढ़ती है। महिला दिवस के समय इस प्रतियोगिता का इंतजार तो उन्हें रहता ही होगा, साथ ही अपने ज्ञान को आगे बढ़ाने कुछ नई चीज जानने की भी उत्सुकता रहती होगी और हर बार उन्हें नई-नई चीज जानने का मौका भी मिल रहा है। हरिभूमि हर साल इस प्रतियोगिता को आयोजित कर महिलाओं को जोड़ने का भी काम कर रहा है।

### नॉलेज बढ़ाने का है माध्यम

डॉ रिया माखीजा ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता महिलाओं की नॉलेज बढ़ाने का एक बढ़िया माध्यम है। इस प्रतियोगिता में हर बार नई-नई विशिष्ट महिलाओं के बारे में सवाल पूछे जाते हैं। इससे पढ़ने एवं फार्मेट को भर कर भेजने से सामान्य ज्ञान बढ़ता है। यह भविष्य के लिए अच्छा होता है।

### इन्हें मिलेगा पुरस्कार

महिला दिवस पर हरिभूमि द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रत्याशियों का चयन किया गया है। प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सकरी सोने की अंगूठी, द्वितीय पुरस्कार गुलापा बाई नेहरू नगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय पुरस्कार आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ पुरस्कार नीतू रानी डिपूपारा को बिलासपुर इलेक्ट्रॉनिक आयरन मिलेगा। इसके अलावा मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, बरसा मोहंती हेमूनगर बिलासपुर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा बिलासपुर, प्रियंका पाण्डेय बंगाली पारा बिलासपुर को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता पखवाड़ा : स्टेशन में चला सफाई अभियान

**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत गुरुवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों के प्लेटफार्म, स्टेशन परिसर के आसपास, शौचालय, प्रतिक्षालय, बुकिंग कार्यालय सहित सर्कुलेटिंग एरिया में बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित की गई। हाइड्रेंट पाइप की सफाई एवं स्टैकिंग की व्यवस्था का उचित निरीक्षण, स्टेशन परिसर, विशेषकर खान पान स्टालों एवं कैंटीनों की गहन स्वच्छता, यात्रियों को बायो टायलेट के उचित प्रयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इन गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन से न केवल स्टेशन परिसर की स्वच्छता में सुधार आया है, बल्कि यात्रियों और रेल कर्मियों में स्वच्छता के प्रति चेतना भी विकसित हुई है।

### तारबाहर अंडरब्रिज से शुरु हुई आवाजाही

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत तारबाहर अंडरब्रिज में मवेशियों की आवाजाही रोकने काऊकेचर लगाने का कार्य रेल प्रशासन ने पूरा कर लिया है। इस कार्य के पूरा होने के बाद गुरुवार की देर रात 12 बजे से अंडरब्रिज को ओपन कर आने-जाने की सुविधा शुरु कर दी गई है। यह अंडरब्रिज 15 जुलाई से मवेशियों की रोकथाम करने काउकेचर लगाने के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया था। तकनीकी कारणों से कार्य की अवधि बढ़ाकर 10 अगस्त तक की गई थी। इसके कारण हजारों की संख्या में लोगों को परेशानी हो रही थी। रेलवे ने रक्षाबंधन पर्व के पहले ही काम को पूरा कर लिया है।

### रोजगार मेले के लिए बैठक आयोजित

**बिलासपुर।** प्रदेश में आगामी माह में होने वाले राज्य स्तरीय मेले के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के संचालक विजय दयाराम ने की। उन्होंने आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ एस. के. सिंघई को बिलासपुर संभाग से इस आयोजन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई। 4 अगस्त को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी बिलासपुर में कोर समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ एस. के. सिंघई, शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक बिलासपुर के प्राचार्य प्रो अभिषेक अवस्थी सहित रोजगार विभाग के उपसंचालक अमन पहारे उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पकड़ी 21 लीटर शराब

**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध तरीके से शराब की बिक्री करने वाले आरोपी पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से 21 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी को जेल भेज दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं एसडीओपी लालचंद मोहल्ले के मार्गदर्शन पर पचपेड़ी टीआई श्रवण कुमार ने टीम गठित कर कार्रवाई की है। मुखबीर से सूचना मिली कि धूर्वाकारी के पन्नालाल महिलांगे अपने घर के बाडी में अवैध रूप से महुआ शराब छिपाकर रखा है, उक्त शराब को समय-समय पर बेचता है। पुलिस ने घेराबंदी का रेड की कार्रवाई की और मौके से 21 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर ली है। आरोपी पन्नालाल महिलांगे पिता महेश राम महिलांगे को जेल भेज दिया गया है।

#### श्याम टाकीज पशु चिकित्सालय के सामने हुई वारदात

# रक्षाबंधन के एक दिन पहले युवक की चाकू मारकर हत्या, परिवार में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व शुक्रवार की रात श्याम टाकीज पशु चिकित्सालय के पास खड़े एक युवक पर मोबाइल के विवाद में आटो सवार युवक ने मारपीट करते हुए सीने में चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए, डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, पचरीघाट निवासी दीपक उर्फ दादू साहू पिता जगदीश साहू 22 साल शुक्रवार की रात 9.30 बजे श्याम टाकीज पशु चिकित्सालय के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान आटो सवार कतियापारा निवासी गणेश उर्फ जागा रजक नामक युवक आया और मोबाइल के विवाद में मारपीट करते हुए जेब से चाकू निकालकर उसके सीने पर हमला कर भाग गया। चाकूबाजी की वारदात से मौके पर हड़कंप मच गया।



सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो दीपक उर्फ दादू खून से लथपथ पड़ा हुआ था। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव मरच्यूरी में रखवा दिया। हत्या की खबर लगते ही कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय स्टाफ के साथ सिम्स पहुंच गए। परिजन से पूछताछ करने के बाद पुलिस टीम हमलावरों के तलाश में जुट गई। परिजन ने बताया, मृतक व हमलावर एक दूसरे को जानते पहचानते थे। दोनों अन्य युवकों के साथ बैजनाथधाम गए थे और 24 जुलाई को लौटे थे। उसके बाद से दोनों के बीच विवाद हो रहा था।

### मोपका में भी युवक पर चाकू से हमला

सरकण्डा क्षेत्र के परसाही निवासी विशाल केंवट ने बताया, उकस बड़ा भाई राजू केंवट पिता तिरिथराम केंवट काम से मोपका की ओर आ रहा था। मोपका तालाब के पास बाइक सवार तीन लोग आए और उनके भाई राजू केंवट के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



### तीन दिन पहले भी मारपीट पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

मृतक के बड़े भाई रवि साहू ने बताया, तीन दिन पहले मनोहर लाज के पास उसके छोटे भाई मृतक दीपक उर्फ दादू साहू के साथ हमलावर आटो चालक ने जमकर मारपीट की थी। मृतक रिपोर्ट लिखाने कोतवाली थाने गया तो उसका मुलाहिजा कराया गया था। उसके बाद भी लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था।

### हमलावर की तलाश कर रहे

मोबाइल को लेकर मृतक व हमलावर के बीच विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर शुक्रवार की रात मृतक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। हमलावर की पतासाजी की जा रही है।

**-विवेक पाण्डेय**
कोतवाली, टीआई

# शरीर के ऊपर से तीन कोच निकल गए और बच गया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आजाद हिंद एक्सप्रेस में सफर करने के लिए युवक का कोच में सवार होने की कोशिश में पैर फिसल गया और वह सीधे प्लेटफार्म से नीचे गिरने के बाद ट्रैक के बीच में जाकर फंस गया। युवक के ऊपर से रनिंग ट्रेन के तीन कोच पार हो गए, जिसके बाद भी सिर के अलावा उसे कहीं भी कोई खरोंच तक नहीं आई।

- आजाद हिंद एक्सप्रेस में सवार होना चाहता था, ट्रेन से सीधे ट्रैक के बीच में गिरा

शुक्रवार की सुबह बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4-5 में हुई। हावड़ा से पुणे की ओर जाने वाली 12130 आजाद हिंद एक्सप्रेस निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन में पहुंची थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने के बाद 15 मिनट का स्टापेज भी था। विलंब से ट्रेन के आने के कारण कई यात्री खाने-पीने का सामान लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतर गए थे। सिग्नल मिलते ही ट्रेन रवाना होने लगी। इस दौरान कई यात्री चलती ट्रेन के बावजूद अपने कोच में सवार होने लगे। इसी बीच एक युवक अमरेन्द्र प्रताप भी कोच में सवार होने लगा और उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने के बाद वह प्लेटफार्म से सीधे ट्रेन के नीचे ट्रैक के बीच में चला गया। इस दौरान उसके ऊपर से तीन से चार कोच पार हो चुके थे। यात्रियों ने देखकर हल्ला मचाते हुए अलार्म चेन पुलिंग कर दिया। चेन पुलिंग से चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, जिसके उपरांत सफाई कर्मचारियों के सहयोग से युवक को बाहर निकाला गया। युवक के सिर पर गहरी चोट के अलावा कहीं भी एक खरोंच के निशान नहीं थे। पूछताछ में युवक अमरेन्द्र प्रताप ने अपने आपको महावीर नगर मानिकपुर मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। स्टेशन स्टाफ ने प्लेटफार्म पर खुले एलिट हास्पिटल में युवक के सिर पर लगे चोट की मरहम पट्टी कराने के बाद एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए सिम्स भेज दिया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।


घायल अस्पताल में भर्ती।

### कुछ दिन पहले भी हुई थी घटना

चलती ट्रेन में सवार होने के चक्कर में कोच की सीढ़ी से पैर फिसलने के कारण बार-बार घटना होने के बाद भी यात्री लापरवाही करते रहते हैं। इसी तरह की घटना कुछ दिन पहले भी बिलासपुर रेलवे स्टेशन में हुई थी। दुर्ग से आरा जंक्शन जाने वाली 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस में सवार होने के चक्कर में यात्री का पैर फिसल गया था और वह भी प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच ट्रैक के अंदर चला गया था। यात्री का पैर कटने के कुछ दिन बाद उसका उपचार हुआ और मौत हो गई थी।

### भेजा गया है सिम्स

युवक आजाद हिंद एक्सप्रेस में सफर कर रहा था, जिसके ऊपर से ट्रेन के कोच निकल गए। युवक को सिर में चोट के अलावा शरीर में कहीं कुछ नहीं हुआ है। वह स्वयं ही एंबुलेंस में आकर सवार हुआ। उसे उपचार के लिए सिम्स भेज दिया गया है, जहां वर्तमान में वह बातचीत करने की स्थिति में नहीं है।

-डीएस श्रीवास्तव, प्रभारी, जीआरपी

#### रतनपुर रोड में 13 मवेशियों को कुचलकर भागा था

# 25 दिन में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे से की खोज, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद रतनपुर पुलिस ने 25 दिन में रतनपुर से गौरेला तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरा छानकर 13 मवेशियों को कुचलकर मारने वाले ट्रक की पहचान की और ड्राइवर को खोज निकाला। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया है।

14 जुलाई की रात बारीडीह के पास सड़क पर मवेशी झुंड बनाकर बैठे हुए थे। रात करीब 1 बजे अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने मवेशियों को कुचल दिया और भाग निकला। हादसे में 13 मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं 4 मवेशी गंभीर रूप से घायल हुए थे। दूसरे दिन पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर व मवेशी मालिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। हाईकोर्ट ने हादसे को संज्ञान में लेते हुए नाराजगी जताई थी। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर रतनपुर टीआई नरेश चौहान स्टाफ के साथ रतनपुर महामाया चौक से गौरला तक सीसीटीवी फुटेज से ट्रक की पहचान कार्रवाई करने में लगे हुए थे। 25 दिन के अथक प्रयास से गौरेला बसंतपुर के पास एक सीसीटीवी कैमरे से ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईई, 2220 की पहचान हो पाई। रतनपुर पुलिस ने जिस कंपनी में उक्त ट्रक चल रहा था, उस कंपनी के दो ट्रकों को रोककर थाने में खड़ा करा दिया। ट्रांसपोर्टर को उक्त ट्रक व ड्राइवर को थाने में पेश करने कहा गया। 8 अगस्त को ट्रांसपोर्टर ने उक्त ट्रक व ड्राइवर लोहसरा बिजुरी अनूपपुर निवासी रविकांत मेहरा पिता गंगाराम मेहरा को पेश किया। पूछताछ में ड्राइवर ने मवेशियों को कुचलना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर गाड़ी जब्त कर लिया है।


जब्त ट्रक व इनसेट में आरोपी ड्राइवर।

### एमपी से कोयला लोडकर रायपुर जा रहा था

रतनपुर टीआई श्री चौहान ने बताया, पूछताछ में ड्राइवर ने बताया है वह हादसे की रात एमपी आमाडाड़ से कोयला लोडकर रायपुर खाली करने जा रहा था। निमार्णाधीन सड़क में अंधेरा होने से उसे सड़क पर बैठे मवेशी नजर नहीं आए और गाड़ी उनके ऊपर चढ़ गई।

### चकरभाठा मस्तूरी हादसे में गाड़ी की पहचान नहीं

रतनपुर हादसे के बाद चकरभाठा नेशनल हाइवे कडार के पास अज्ञात वाहन से दर्जनों मवेशियों की मौत हो गई थी। वहीं मस्तूरी में अज्ञात वाहन से 6 मवेशियों की मौत हो गई थी। अब तक दोनों थानों की पुलिस ट्रक की पहचान नहीं कर पाई है।




### ज्वेलर्स व मेडिकल दुकान का टूटा ताला

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने आतंक मचाते हुए ज्वेलरी व मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर कीमती जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई रोड देवनंदन नगर फेस 2 निवासी रितेश गुप्ता पिता रमेश गुप्ता की जेवर की दुकान है। 7 अगस्त की रात 9.40 बजे दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। 8 अगस्त की सुबह मकान मालिक श्री पाण्डेय ने बताया उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ है। वे जाकर देखे तो पायल, अंगूठी, बिछिया, चांदी का सिक्का, करधन, छोटा चांद कान्हा श्रृंगार, 3 हजार रुपए नकद चोरी हो गए थे। दूसरी घटना में बहतराई श्रीराम विहार कल्याण समिति निवासी केशव प्रसाद साहू पिता गोरेलाल साहू देवनंदननगर फेस 2 में मेडिकल दुकान चलाते हैं। 8 अगस्त को वे दुकान खोलने गए तो शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो गल्ले से 2700 रुपए चोरी हो गए थे। पुलिस संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले मालिक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नगर पालिका के कर्मचारी सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने में लगे हुए। लावारिश मिलने वाले मवेशियों को गौठान में छोड़ा जा रहा है। 7 अगस्त को कर्मचारी ने तिफरा बजरंग स्वीट्स के पास 10 मवेशियों को पकड़ा गया। बिल्ले से पता लगा मवेशी जानू गुप्ता पिता गोपाल गुप्ता की है। चारा पानी की उचित व्यवस्था न करते हुए सड़कों पर छोड़ दिया गया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। पुलिस ने कर्मचारी धीरज गेड़कर की रिपोर्ट पर मवेशी मालिक जानू गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 11, 1, 285, 291, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# चाकू अड़ाकर डिलिवरी ब्वाय से पार्सल व नकद रकम की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवकों ने चाकू अड़ाकर डिलिवरी ब्वाय से पार्सल व नकद रकम लूट लिया है। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, कोनी देवनगर निवासी शनि ध्रुव पिता बजरंग ध्रुव जोमेटो में डिलिवरी बवाय का काम करते हैं। कॉल आने पर वे महाराणाप्रताप चौक से चिकन दम बिनयानी लेकर अपोलो हास्पिटल के पीछे गए। अचानक दो युवकों ने उनकी बाइक के सामने आकर रोक लिया और पार्सल ले लिया, उन्होने पैसा मांगा तो गाली गलौज कर मारपीट की। एक युवक उसके गले में चाकू अड़ाकर कहा चिकन लाया है दारू पीने के लिए पैसा दे। पैसा नहीं होने की बात कहने पर उसके जेब से 820 रुपए लूट लिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884

ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## गौ सेवा संकल्प महाअभियान में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# गौ सेवा समाज, संस्कृति और आत्मा से जुड़ा कार्यः साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली में गौ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जनहानि और पशुहानि को देखते हुए बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों के बेहतर प्रबंधन, सेवा और संरक्षण को सुदृढ़ करने मुंगेली जिला प्रशासन द्वारा ''गौ सेवा संकल्प अभियान'' की शुरुआत की गई है। विधायक पुन्नूलाल मोहले भी कार्यशाला में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव और विधायक श्री मोहले सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने कार्यशाला में गौ मित्र बनने के लिए फॉर्म भरा और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस अभियान को अपने जीवन का ऐतिहासिक, अविस्मरणीय और सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताते हुए कहा कि गौ सेवा समाज, संस्कृति और आत्मा से जुड़ा कार्य है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें अपनी भावनाओं को जगाने की आवश्यकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी लोगों को इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की। श्री साव ने उम्मीद जताई कि गौ सेवा संकल्प अभियान से घूमंतु पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं, यातायात में बाधा, जनहानि आदि में निश्चित ही कमी आएगी। इस दौरान चोरी एवं अपराध की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सूडा द्वारा जिले को 64 सीसीटीवी कैमरे प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सभी लोगों को गौ-पालन का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि गौमाता की पूजा में सभी देवी-देवताओं की पूजा शामिल होती है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि गौ सेवा संकल्प अभियान हम सब का अभियान है। छोटी-छोटी पहल से शुरुआत करते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल और जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

### 297 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित



लोरमी। दिव्यांगों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिले में अनुकरणीय कदम उठाया गया है। स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीनों विकासखंडों में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले में 297 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन वितरित किया जा चुका है। कार्यक्रम में मौजूद उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, जिले में इस कार्यक्रम के माध्यम से 297 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन वितरित किया गया है, जिससे सभी चलने-फिरने में सक्षम हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना शासन की प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगजनों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आने वाले समय में कृत्रिम अंग भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एसईसीएल के जीएम, जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, साहू, नप अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिला पंचायत सदस्य संजय रत्ना काठले, अनिता साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिपं उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, धनीराम यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अंजना दास, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, महेंद्र खत्री, प्रदीप मिश्रा, दिनेश साहू, दिनेश कश्यप, सुशील यादव, महाजन जायसवाल, राजेन्द्र साहू, विकास केशरवानी, सोहन डड़सेना, घंशु राजपूत, नरेंद्र खत्री, घनश्याम यादव,दिनेश कश्यप, आलोक शिवहरे, कमलेश श्रीवास सहित एसडीएम अजीत पुजारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## गौवंशों के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सरगांव। ग्राम किरना में 31 जुलाई की रात एक अज्ञात वाहन चालक ने एनएच 130 पर लगभग 20 गौवंशों को कुचल दिया था, जिसमें 16 गौवंशों की मौके पर ही मौत हो गई थी और 4 गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हृदयविदारक घटना से आक्रोशित होकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने घटना के दिन राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर चक्का जाम किया था।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने 48 घंटे के भीतर आरोपी चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था, किंतु घटना को 8 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी की की कोई जानकारी नहीं मिलने से नाराज होकर शुक्रवार 8 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल नेएसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यदि आगामी 3 दिनों के भीतर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की जानकारी नहीं होती है, तो बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद की ओर से एक बार फिर एनएच पर चक्का जाम किया जाएगा एवं जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांग की, कि गौवंशों की निर्मम हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि दोषी को सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। बजरंग दल मुंगेली के जिला संयोजक ब्रजेश शर्मा के तत्वाधान में ज्ञापन सौंपा किया गया, इनके साथ बजरंग दल सरगांव के विद्यार्थी प्रमुख स्वप्निल कौशिक, सह विद्यार्थी प्रमुख इशांत शर्मा एवं बजरंग दल सरगांव के कार्यकर्ता एवं गौ सेवक सोनू श्रीवास, अनिल राजपूत, किशन साहू, जय साहू, अरुण साहू, सोनू साहू एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कौशल महोत्सव में शौर्य को मिला प्रथम स्थान

कोरबा। कृष्णा पब्लिक स्कूल कमल विहार रायपुर व कृष्णा ललित कला महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तबला कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पोड़ीबहार निवासी तथा न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का होनहार छात्र शौर्य वस्त्रकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने गुरु के मार्गदर्शन का परिणाम है कि भव्य राष्ट्रीय मंच में प्रस्तुति देकर अपने गुरु मोरध्वज वैष्णव और नवीन महंत व अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। शौर्य के पिता अनिल कुमार वस्त्रकार बालको में एवं माता शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

## जनता की भागीदारी से शिक्षा के स्तर को ऊंचाई तक पहुंचाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत मिशन 90 प्लस परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं के ऐसे स्कूलों को चिन्हांकित किया गया है, जिनके परीक्षा परिणाम 24 से 79 प्रतिशत तक रहे हैं। इन विद्यालयों में छात्रें को बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को पत्र लिखकर अभियान में सहभागी बनने की अपील की है। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में किसी एक विद्यालय का चयन कर उसे शैक्षणिक सहयोग प्रदान करें, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और बोर्ड परीक्षा के परिणामों में अपेक्षित सुधार हो। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और समुदाय की भागीदारी से शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

■ कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में किसी एक विद्यालय का चयन कर उसे शैक्षणिक सहयोग प्रदान करें

## वी क्लब लक्ष्य का शपथ ग्रहण, चित्रानी बनीं अध्यक्ष

पेंड्रा। वी क्लब पेन्ड्रा लक्ष्य का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक एडवाईजर वी अलका फरमानिया, शपथ अधिकारी एरिया ऑफिसर वी रचना जैन एवं विशिष्ट अतिथि एरिया सचिव वी शिल्पा जैन उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अध्यक्ष चित्रानी जायसवाल, सचिव वी लक्ष्मी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वी कुसुम अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा सबका उत्साह वर्धन किया।



वी अलका फरमानिया तथा रचना जैन ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा नव नियुक्त अध्यक्ष वी चित्राणी जायसवाल ने क्लब पेंड्रा लक्ष्य को अपने सेवा कार्यों से नया मुकाम हासिल कराने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित नगर के पत्रकार बंधुओ को श्रीफल एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वी सुमन सोनी तथा ध्वज वंदना वी नीतू जैन ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला प्रशासनिक एडवाईजर अलका फरमानिया, अध्यक्ष चित्राणी जायसवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, नीतू जैन, नेहा गोयनका, ज्योति जालान, सुमित्रा अग्रवाल, सुमन सोनी, कविता थदलानी उपस्थित रहीं।

## सात वर्ष की आयु में शौर्य ने किया कमाल, कराते में हासिल किए पदक

तखतपुर। ग्राम केकती के शौर्य प्रताप सिंह ने महज 7 वर्ष की आयु में कराते में राज्य स्तर पर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया है। वे बिलासपुर में सेकोकाई कराते प्रशिक्षण ले रहे हैं। शौर्य ने तीन बार राज्य स्तरीय स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव केकती को पहचान दिला चुके हैं।



अपनी रैंकिंग के आधार पर, शौर्य प्रताप का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली के लिए किया गया है जिसमें वे दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 9 से 11 अगस्त तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराते (सेकोकाई) चैम्पियनशिप सब जूनियर में अपने रण कौशल का प्रदर्शन करेंगे। शौर्य प्रताप सिंह केकती के ऊर्जावान सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र सिंह के पुत्र है जो कि बिलासपुर के लिटिल किड्स वर्ल्ड स्कूल में अध्यनरत है। शौर्य के प्रशिक्षक हरिशंकर साहू (सेनसाई) का कहना है कि बहुत छोटी उम्र में शौर्य का प्रदर्शन शानदार है आगे चलकर वो अंतराष्ट्रीय मंचों में देश के लिए खेलने की क्षमता रखते है। वे कोच मधु श्रीवास के साथ दिल्ली रवाना हुए।

## राखी बनाओ स्पर्धा में दीपांशी प्रथम




लोरमी। शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने नवाचारी का प्रयोग करते हुए वेस्ट मटेरियल से राखी बनाए। जिससे बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपांशी ध्रुव, द्वितीय स्थान दिपाक्षी यादव, तृतीय स्थान पर युगेश्वरी ध्रुव एवं प्रियंका गोस्वामी रही। बालिकाओं द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ अपनी कक्षा में अध्ययनरत भाइयों को राखी बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू सहित बडी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



मल्हार। शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बद्री प्रसाद देवांगन मध्य नगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल करते हुए स्थानीय पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस जवानों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, चौकी प्रभारी ओंकारधार दीवान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करुणेश नापित, प्रधान आरक्षक नुवास तिग्गा, तथा पुलिसकर्मी विकास अंचल, किशन राय, सुखदेव पालके, अभिजीत सिंह, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा एवं जिला संगठन की मार्गदर्शक कांति आंचल के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बाजार में दिनभर रही चहल पहल, खरीदारों की रही भीड़

# सावन पूर्णिमा पर आज सजेंगी भाइयों की कलाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भाई बहनों के स्नेह के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारी की जा रही है, बहन अपने भाइयों के लिए राखी खरीद रही है। रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व बाजार में जोरों की चहल-पहल रही। चौक-चौराहों एवं मेन रोड में राखी की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। होटलों में विभिन्न प्रकार की मिठाईयों की बिक्री होते रही। कपड़ा दुकान में भी भीड़ रही। राखी मनाने के लिए बसों में बहना एवं भाईयों का आना-जाना लगा रहा। बसों में भीड़ रही।



श्रावण माह के साथ ही त्यौहारों का उत्सव प्रारंभ हो जाता हैं। भाई-बहन के पवित्र संबंधों तथा स्नेह को व्यक्त करने वाला यह पर्व वर्ष में एक बार ही आता है। श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार की पूर्व संध्या पर बाजार में चहल-पहल एवं रौनक बढ़ गई है। मेन रोड, गोल बाजार, चौक-चौराहों सहित गांवों में भी कई स्थानों पर रंग-बिरंगी राखियों का स्टॉल लगाया गया है। राखियों में इस बार अलग-अलग वेरायटी के राखियों की भरमार है तथा रेशमी धागों की राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। क्रिस्टल मोती, मोती स्टोन, सेटिंग स्टोन, गुजराती क्रिस्टल की राखियां खास हैं।

### बसों में रही यात्रियों की भीड़

राखी का दाम कितने भी अधिक हों भाई के प्यार से ज्यादा नहीं होते। बाजार में कई तरह की राखियां हैं, इतनी सारी वेरायटियां होने से खरीदारी करने में काफी दिक्कतें हो रही है। गिफ्ट की दुकान हो या कपड़े की सभी में खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। सबसे ज्यादा कपड़े व राखी की दुकानों पर लोग जुट रहे हैं। बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहनों को उपहार देने के लिए भाई भी गिफ्ट की खरीदारी करते रहे। बसों में यात्रियों की भीड़ रही। राखी मनाने के लिए भाई-बहन के घर एवं बहना अपने भाई के घर आना-जाना करते है। त्यौहार के लिए मिष्ठान भण्डार वाले विशेष तैयारी कर भाईयों के लिए तरह-तरह की मिठाईयां तथा नमकीन तैयार कर रहे है। रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखकर होटल एवं रेडीमेंड गारमेंट्स गिफ्ट आईटम की दुकानों में विशेष तैयारियां की गई है।

## गर्ल्स स्कूल में शाला प्रबंधन की बैठक



तखतपुर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक अध्यक्ष गुरदीप कौर खुराना की उपस्थिति में आयोजित की गई। समिति की बैठक में विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण पर चर्चा की गई। विद्यालय में ध्वजारोहण विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे।

ध्वजारोहण के बाद विद्यालय की छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति की भावनाओं पर आधारित रहेगा। विद्यालय में ऊपर अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य को देखा गया और उसकी प्रगति पर चर्चा की गई ,जिसमें वर्तमान में टाइल्स लगाने और पुट्टी का काम चल रहा है। जिस काम को 15 अगस्त के पूर्व पूरा कराए जाने को कहा गया। ताकि वहां कक्षा लगाई जा सके। बैठक में प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला सहित सदस्य मीना ठाकुर,मंजू सिंह, श्यामा रामानन्दी व जे डी कुजूर,बी आर सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, मिनाज खान, आमोद एक्का, जी डी वैष्णव, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, अंकित विश्वकर्मा, मयंक यादव, कामिनी गुप्ता, माहेश्वरी सिन्हा, पारुल यादव, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मदनपुर में बच्चों को दी गई शिक्षण सामग्री



मुंगेली। शासकीय प्राथमिक शाला मदनपुर में पहली से 5वीं तक बच्चों को शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। सतपाल महाराज के द्वारा मिशन एजुकेशन पूरे विश्व में चलाया जा रहा है, जिसमें उपस्थित क्षेत्रीय प्रभारी महात्मा नीरा बाई एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मंडल राजीव श्रीवास, महामंत्री नितेश भारद्वाज सहित मानव उत्थान सेवा समिति के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाई स्कूल सुरेठा में सत्र की शिक्षक-पालक बैठक



मुंगेली। शासकीय हाई स्कूल सुरेठा में सत्र 2025-26 की प्रथम शिक्षक-पालक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम पार्वती पटेल की उपस्थित रहीं। उन्होंने शिक्षकों से बृहद चर्चा कर एवं सिलेबस, डेली डायरी लिखना, लगातार टेस्ट लेना, चेक करके छात्रों के पालकों से संपर्क कर छात्रों की समस्याओं का निराकरण करना, छात्रों को लक्ष्य बनाना और विभिन्न विभागों में जाने हेतु के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना एवं सभी विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने उचित मार्गदर्शन प्रदान करने तथा अनुशासन में रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष हृदयेश सिंह परिहार, सरपंच सुरेठा हेमन निषाद, सरपंच प्रतिनिधि सुरेठा मनहरण निषाद, पालक रतनदास मानिकपुरी, शरद निषाद, पंच रमेश निषाद, महेश पटेल, हरिप्रसाद, संतु निषाद, देवचरण निषाद सहित पालक उपस्थित रहे।

### जैतपुर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन



मल्हार। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ग्राम जैतपुर में शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की कार्यकर्ता वंदना कुम्हार, कविता मरकाम एवं पुष्पलेखा के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव के प्रत्येक घर तक पहुंच कर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का आग्रह किया और इसके महत्व से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। रैली के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाए गए और लोगों से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान बनाए रखने के लिए आवश्यक नियमों की भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से देशभक्ति की भावना मजबूत होती है।

### भारत विकास परिषद ने किया रुद्राभिषेक



पेंड्रा। भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा के तत्वाधान में रुद्रभिषेक का आयोजन हाई स्कूल शिव मंदिर प्रांगण पेंड्रा में किया गया, जिसमें परिषद के समस्त सदस्यों ने ओम नमः शिवाय के उद्घोष के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। स्वामी राधवेंद्रचार्य महाराज ने रुद्राभिषेक का पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी, समय लाल मिश्रा, बाबूलाल पांडे, मनीराम, प्रकाश राय, अमरेश तिवारी ,अतुल तिवारी ,बीपी सिंह, अनूप विश्वकर्मा अनिल सिंह सेंगर, महेश मिश्रा, मधुर त रंजना तिवारी, पुष्पलता तिवारी, प्रिया त्रिवेदी, रुक्मणि तिवारी, कीर्ति कुमार कश्यप, नत्थू प्रसाद गुप्ता, रमाकांत जायसवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए युवा

मुंगेली। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के तत्वावधान में श्रीश्री रविशंकर के यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आरके पैलेस में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 27 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक सचिन गवहाने ने सुदर्शन क्रिया व जीवन विकास से जुड़ी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। युवाओं को विपरीत परिस्थितियों में सामंजस्य, आत्मनिर्भरता और समाज के प्रति उपयोगी बनने के गुर सिखाए गए। साथ ही दिव्य समाज के निर्माण की दिशा में योगदान के लिए प्रेरित किया गया।